Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 170 | रविवार , 22 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## युद्ध के बीच तेहरान से सीधे नई दिल्ली उतरा विमान

# ईरान से 290 भारतीयों को वापस लाया गया

**नई दिल्ली।**

संघर्ष प्रभावित ईरान में फंसे 290 भारतीयों को लेकर एक और विशेष उड़ान शनिवार रात को नई दिल्ली में सुरक्षित उतरी, जिससे ऑपरेशन सिंधु के तहत निकाले गए लोगों की कुल संख्या 1,117 हो गई। यह चल रहे ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाले गए भारतीयों का पांचवां जत्था है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत 290 भारतीय नागरिक ईरान से एक विशेष फ्लाइट द्वारा सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं, फ्लाइट 21 जून 2025 को 23:30 बजे नई दिल्ली में उतरी। इसके साथ ही अब तक कुल 1,117 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। ऑपरेशन सिंधु के तहत विशेष फ्लाइट में ईरान से भारत पहुंचे भारतीय नागरिक ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। वहां मिसाइलें चल रही थीं। हम डर लग रहा था। हम वहां एक हफ्ते तक फंसे हुए थे। ऑपरेशन सिंधु के तहत विशेष फ्लाइट में ईरान से भारत पहुंचे नवीद ने कहा कि मैं कश्मीर से हूं। मैं टइइर द्वितीय वर्ष का छात्र हूं। अब मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं भारत सरकार का शुक्रगुजार हूं। उन्होंने इस मुश्किल समय में हमें ईरान से निकाल लिया।



**1,117**

हो गई सिंधु के तहत निकाले गए लोगों की कुल संख्या

### सरकार का शुक्रियादा करना चाहता हूं- भारतीय छात्र

ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से भारत पहुंचे एक भारतीय छात्र ने कहा कि मैं बिहार के सिवान से हूं। मैं पिछले 2 वर्षों से ईरान में हूं। तेहरान में स्थिति काफी खराब है। अन्य स्थानों पर स्थिति सामान्य है। मैं सरकार का शुक्रियादा करना चाहता हूं। ऑपरेशन सिंधु के तहत विशेष फ्लाइट में ईरान से भारत पहुंचे भारतीय नागरिक ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। वहां मिसाइलें चल रही थीं।

### बंगाल के बारासात में पेंट फैक्ट्रियों में लगी भीषण आग



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बारासात में शनिवार शाम साढ़े सात बजे कुछ पेंट फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए मौके पर कम से कम 20 दमकल की गाड़ियों को तैनात किया गया है। फायर कर्मियों के साथ ही पुलिस कर्मी भी मौके पर मौजूद हैं। हालांकि, अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार, आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में शनिवार शाम कुछ पेंट फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। आग ने फैक्ट्रियों के गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार, आग लगने की सूचना पर मौके पर 20 दमकल की गाड़ियां पहुंच गईं, जो आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं।

## || सार संक्षेप

### डायबिटीज रोगियों के लिए अहम साबित हो सकता है एक्सिओम मिशन

**नई दिल्ली।**



भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन डायबिटीज रोगियों के लिए अंतरिक्ष यात्रा की उम्मीद की किरण है। एक्सिओम-4 के दौरान अंतरिक्षयात्री माइक्रोग्रैविटी या न के बराबर गुरुत्वाकर्षण में ग्लूकोज के व्यवहार पर अध्ययन करेंगे। इस समय नेशनल एयरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) इंसुलिन पर निर्भर डायबिटीज रोगियों को अंतरिक्ष यात्रा की अनुमति नहीं देता है। गैर-इंसुलिन पर निर्भर डायबिटीज रोगियों के लिए कोई आधिकारिक मनाही नहीं है, लेकिन अभी तक डायबिटीज पीड़ित किसी अंतरिक्षयात्री ने अंतरिक्ष यात्रा नहीं की है। यूएई के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बुर्जील होल्डिंग्स और एक्सिओम स्पेस के 'सुइट राइड' प्रयोग के तहत, एक्सिओम मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री अपने 14-दिवसीय अंतरिक्ष यात्रा के दौरान ग्लूकोज मॉनिटर पहनेंगे।

### गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग




**बेंगलुरु।**

हाल ही में गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

विमान का ईंधन खत्म होने के कगार पर था। फ्लाइट के पायलट ने बेंगलुरु में लैंड करने से पहले मेडे कॉल की थी। बता दें कि पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे से ठीक पहले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के पायलट कैप्टन सुमित सबरवाल ने भी एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को 'मेडे' काल की थी। उसके तुरंत बाद विमान का संपर्क एटीसी से टूट गया। मेडे कॉल का इस्तेमाल बहुत ज्यादा इमरजेंसी की हालात में किया जाता है यानी उस सूरत में जब जान पर बन आए। मसलनः विमान के इंजन फेल होने, बेहद खराब मौसम आदि होने की सूरत में। पायलट कंट्रोल रूम को तीन बार मेडे-मेडे-मेडे मैसेज भेजता है। मेडे शब्द फ्रांसीसी भाषा से लिया गया है जिसका मतलब होता है मेरी मदद करो।

### आज से तीन दिनों के लिए मां कामाख्या के कपाट बंद

**गुवाहाटी।**



हर वर्ष देश और दुनिया से तंत्र-मंत्र साधक अंबुवासी मेले में आते हैं। मां तीन दिनों के लिए रजस्वला हो जाती हैं, इसलिए इस दौरान मां के दर्शन नहीं होते। मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। यह स्त्री की सृजनात्मक शक्ति, स्त्रीत्व, उर्वरता की पवित्रता का उत्सव है। इस दौरान किसान खेतों की जुताई नहीं करते। असम के गुवाहाटी शहर के पास नीलाचल पर्वत पर कामाख्या धाम में अंबुवासी महायोग-2025 की तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार भी इस उत्सव में यहां लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। गुवाहाटी पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत के मुताबिक, इस हिसाब से प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक, 22 से 26 जून तक चलने वाले इस महायोग के दौरान 22 जून को दोपहर 2:56 बजे 27 सेकेंड से कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद हो जाएंगे। इसके बाद 26 जून सुबह देवी स्नान और दैनिक अनुष्ठानों के बाद तीर्थयात्रियों के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए जाएंगे।

## ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा फैसला, इ-2 बॉम्बर विमान अमेरिका से रवाना

**वाशिंगटन।**

ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच ये खबर सामने आई है कि अमेरिका ने अपने इ-2 बमवर्षक विमानों को गुआम द्वीप की ओर रवाना कर दिया है।

अमेरिकी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से इसकी पुष्टि की है। लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि ये तैनाती मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के संबंध में ही की जा रही है। दरअसल ट्रंप लंबे वक्त से इस बात पर मंथन कर रहे हैं कि अमेरिका को ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष में हिस्सा लेना चाहिए या नहीं। अंडरग्राउंड



टारगेट तबाह करने की क्षमता इ-2 अमेरिका के वे एडवांस बॉम्बर विमान हैं, जो काफी गहराई में मौजूद अंडरग्राउंड टारगेट को भी नष्ट करने की क्षमता रखते हैं। ये विमान 30,000 पाउंड के ॠइव-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर को ले जाने के लिए डिजाइन हैं। विश्व के नक्शे पर गुआम की लोकेशन फिलीपींस के पास है। अगर इन विमानों को मिडिल ईस्ट के लिए तैनात किया जाना है, तो इसे गुआम पहुंचने के बाद इन्हें डिएगो गार्सिया द्वीप पर भेजा जाएगा। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह विमान डिएगो गार्सिया जाएंगे। बता दें कि पिछले महीने तक इ-2 विमान डिएगो गार्सिया में ही तैनात थे। लेकिन बाद में उन्हें इ-52 बॉम्बर से रिप्लेस कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें यह तय करने में दो हफ्ते का समय लगेगा कि अमेरिका इजरायल के साथ ईरान के खिलाफ संघर्ष में शामिल हो या नहीं।

### पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री

## 'हमें हर समय सहजता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए'

**नई दिल्ली।**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों के मामले में हर समय सहजता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अमेरिका और चीन के साथ भारत के संबंधों में पिछले 11 वर्षों में काफी बदलाव आए हैं। उन्होंने श्रीलंका और मालदीव का उदाहरण दिया, जहां सरकारें बदलीं लेकिन भारत के साथ अच्छे रिश्ते बने रहे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों के मामले में हर समय सहजता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। लेकिन भारत ने ये कोशिश की है कि राजनीति या सरकारें बदलने के बावजूद पड़ोसी देशों के साथ संबंध स्थिर बने रहें। इसके लिए भारत ने 'साझा हित' बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे सभी पड़ोसियों को यह समझना चाहिए कि भारत के साथ काम करने से आपको फायदा होगा और अगर कोई देश भारत से दूरी बनाता है, तो उसे नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक संवाद सत्र के दौरान कहा कि कुछ देशों को यह बात जल्दी समझ में आ जाती है, कुछ को थोड़ा समय लगता है। लेकिन पाकिस्तान को छोड़ दें, तो यह बात बाकी सभी पर लागू होती है। पाकिस्तान की पहचान ही सेना और भारत-विरोध से बनी हुई है, इसलिए वहां अलग सोच है। जयशंकर ने शनिवार रात अपने एक्स हैंडल पर करीब एक घंटे तक चली बातचीत का लिंक साझा किया। उन्होंने बताया कि अमेरिका और चीन के साथ भारत के संबंधों में पिछले 11 वर्षों में काफी बदलाव आए हैं।

> अमेरिका के साथ जहां रिश्तों में कभी-कभी अनिश्चितता होती है, वहीं चीन के साथ रिश्तों को लेकर भारत को मजबूत तैयारी करनी पड़ी है, क्योंकि चीन से कुछ मुश्किल हालात भी सामने आए हैं- जैसे जून 2020 में गलवां घाटी में हुई झड़प। विदेश मंत्री ने कहा कि पहले भारत ने सीमावर्ती इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान नहीं दिया, जो बहुत गलत था। अब चीजें बदली हैं और भारत ने सीमा पर सड़कों और दूसरे जरूरी संसाधनों को मजबूत किया है।

### 'पाकिस्तान में सेना के हाथों में सत्ता की चाबी', शहबाज के मंत्री का कबूलनामा

**लाहौर।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के करीबी सहयोगी ने कहा है कि देश में एक 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत शासन किया जा रहा है, जिसमें सेना के पास सत्ता का बड़ा हिस्सा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री और नवाज शरीफ के करीबी सहयोगी ख्वाजा आसिफ ने देश में सेना और सरकार की मिली।

## बंकर में छिप कर गुजारा कर रहे खामनेई

**तेहरान।**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अपनी हत्या की स्थिति में तीन उत्तराधिकारियों को नामित किया है। उत्तराधिकारियों में तीन वरिष्ठ मौलवी शामिल हैं। खास बात यह है कि इन उत्तराधिकारियों में उनके बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम शामिल नहीं है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई बंकर में छिपकर गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने अपनी हत्या की स्थिति में अपने तीन उत्तराधिकारियों को नामित कर दिया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खामेनेई ने तीन वरिष्ठ मौलवियों को नामित किया है, जो उनकी जगह ले सकते हैं। इनमें अलीरेजा अराफी अली असगर हेजाजी, हासिम हुसैनी बुशहरी, अली अकबर वेलायती के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई इस समय एक गहरे बंकर में छिपे हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपने आसपास के सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद करने के निर्देश दिए हैं।



## 'ईरान भारत का पुराना मित्र, इस्राइल पर सरकार की चुप्पी परेशान कर रही' सोनिया बोलीं- अभी देर नहीं हुई

**नई दिल्ली।**

एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ने गाजा और ईरान में इस्राइल की तबाही पर चिंता जाहिर की। इस्राइल की कार्रवाई पर मोदी सरकार की चुप्पी की आलोचना करते हुए सोनिया ने कहा कि गाजा में जारी तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पश्चिम एशिया में इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष में भारत की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा है। सोनिया ने कहा कि ईरान भारत का पुराना मित्र रहा है और हमारे साथ उसके गहरे सभ्यतागत संबंध हैं। भारत और इस्राइल ने हाल के दशकों में रणनीतिक संबंध विकसित किए हैं। यह स्थिति हमारे देश को नैतिक जिम्मेदारी और कूटनीतिक लाभ देती है, ताकि तनाव कम करने और शांति के लिए एक पुल के रूप में काम किया जा सके। एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ने गाजा और ईरान में इस्राइल की तबाही पर चिंता जाहिर की। इस्राइल की कार्रवाई पर मोदी सरकार की चुप्पी की आलोचना करते हुए सोनिया ने कहा कि गाजा में जारी तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार पर इस्राइल के साथ एक स्वतंत्र फलस्तीन की परिकल्पना करने वाले शांतिपूर्ण दो राष्ट्र समाधान के प्रति भारत की दीर्घकालिक और सैद्धांतिक प्रतिबद्धता को त्यागने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इस्राइल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नेतृत्व में इस्राइल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है।



## संपादक की कलम से

# वंदनीय या निंदनीय

सियासत में अधीर होते निजी संकल्प राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को कमजोर कर देते हैं। विडंबना यह है कि हमारा संघीय ढांचा ही सियासत की दीवारें खड़ी कर देता है और हम डबल इंजिन सरकारों की तलाशी में कभी साहूकार तो कभी कंगाल हो जाते हैं। दो साल पूर्व आपदा की पैमाइश दिलों से दिमाग तक, तथा शिमला से दिल्ली तक हुई और अंततः राज्य ने आपदा के जख्मों को भरने के लिए दस हजार करोड़ के अनुमान लगाए और दस्तावेजों के साथ 9020


ललित शर्मा
संपादक

करोड़ की राहत का इंतजार किया, लेकिन मूड की सलवटें और दूर दिल्ली की करवटों ने हमारे दर्द को भी फूंक-फूंक कर पढ़ा। अब 2006 करोड़ की राहत राशि की चिी सौहार्द के समझौते पर उतर आई, तो धन्यवाद कहना होगा। रिश्तों की डगर पर हिमाचल के कुछ कटु अनुभव होंगे, जो प्रदेश सरकार को केंद्रीय बजट से शिकायत करने का अवसर देते हैं। आपदा किसी भी सूरत में यह नहीं देखती कि कहां का दुख भाजपाई है और कहां का कांग्रेसी। इसे ह्यपीर पराईह्न मानकर इंसाफ नहीं मिल सकता। यहां इंतजार के दरवाजे छोटे हो गए, तो राहत के लांघने का सफर भी आहिस्ता-आहिस्ता कछुआ चाल चला, लेकिन प्रदेश के हित में पूरा न सही-दर्द से भरे दिल को कुछ तो राहत देगा। भले ही राहत के वांछित कटोरे में यह राशि थोड़ी है, लेकिन यह जरूरी है कि मरहम का लेप लगाने की अब बात की जाए। इसलिए भाजपा के प्रवक्ता रणधीर शर्मा पूरा हिसाब ले आए, धन्यवाद प्रस्तावों की आवाज ले आए। हिमाचल के बजट में केंद्र की राशि का ईमानदार नजराना वर्षों से वंदनीय रहा और इसीलिए विशेष राज्य के दर्जे ने यहां की पिछड़ी लकीरों को प्रगतिशील नक्शे में उबरने का मौका दिया, लेकिन आपदा की राहत राशियां अब लठैत या डकैत होकर फैसला करती हैं। यह कब तक होता रहेगा कि बाढ़ हमारी और पानी से खुशहाली देश की संपदा बनी रहे। आत्मनिर्भरता रुकती है, जब पर्वतीय प्रदेश को उसके आर्थिक अधिकार नहीं मिलते। पानी के खेल में भी सियासत का चूल्हा गर्म रहता है। हम शानन विद्युत परियोजना के करीब इसी चूल्हे पर सेंकी जा रही रोटियां देख रहे हैं। वही पुरानी जली हुई रोटियां पंजाब पुनर्गठन के हिमाचली अधिकारों को भूखा रखती हुई आज आधी सदी बाद भी कुठाराघात कर रही हैं। वाटर सेस की फाइल सूली पर टंगी है, तो सियासी रक्त विकार को निंदनीय क्यों न कहें। खैर राशि तो राशि है, अब इस कबूलनामे में यह दर्ज हो कि कहीं तो दिल पसीजा। राजनीतिक दिल का पसीजना भी एक राहत है। इस बीच बुधवार रात्रि अचानक सोशल मीडिया में एक इस्तीफे की चर्चा कौंधी। सूचना को पुष्ट बनाते हुए पूर्व विधायक नीरज भारती अपने पिता और मंत्री चौधरी चंद्र कुमार के पद की अस्थिरता को माप रहे थे, लेकिन राजनीति की सुबह का दिल पसीजा तो बात आई गई हो गई। कितने आसान होते हैं राजनीतिक समझौते। हम जिसे अनहोनी समझते वह उनके लिए एक दलील है, काम करने की अदा है। इसीलिए एक भूचाल पांवटा साहिब की गलियों को गर्म करता रहा, लेकिन सामाजिक मसले की आंधी ने सियासी रूप धारण कर लिया। अब सवाल यह है कि हिमाचल का सियासी रूप क्या पांवटा की तफतीश में सही था या केंद्र के सौहार्द पर आपदा राहत में आई राशि के ह्यवजनह्न से सही माना जाएगा। जो भी हो राजनीतिक अदालतों के चबूतरे बेकाबू होने लगे हैं। राजनीतिक फर्ज का कर्ज अब जनता को झुकाने लगा है। वह राजनीतिक हार जीत के मंतव्य में जो चल चित्र देख रही है, उससे एक स्थायी नैराश्य भाव पनपने लगा है।

## मोनिका डागा

## पिता ईश्वर का साया



कविता

मॉ अमृत की छाया और पिता ईश्वर का साया,
मॉ से ही है मायका पिता से चाहतों का जायका,
मॉ से बुलंद हौसला पिता सीखाते लेना फैसला,
मॉ देती है शिक्षा पिता पास कराते जीवन परीक्षा ।

मॉ है सारी जमीन और पिता है पूरा आसमान,
मॉ है खुश अंतर्मन और पिता है शक्तिशाली तन,
मॉ इस दिल की है जान पिता से मिलती पहचान,
मॉ प्रभु से मिला वरदान पिता चेहरे की मुस्कान ।

मॉ से मिलती मिठास पिता से दृढ़ आत्मविश्वास,
मॉ से आनंदपूर्ण साहस पिता से है उमंग उत्साह,
मॉ का सिर पर हाथ पिता का मजबूत बनाएं साथ,
मॉ का आशीर्वाद तो अनुपम पिता का प्रेम मधुबन ।

मॉ है हर दर्द की दवा और पिता कबूल हुई दुआ,
मॉ शब्दों की भाषा पिता है जीवन की परिभाषा,
मॉ उलझनों का करे खात्मा पिता जीवन आत्मा,
मॉ सारी भावनाएं पिता से विजय श्री संभावनाएं ।

मॉ जीवन रआनंदर तो पिता है मधुरतम मकरंद,
मॉ है धमनियों का रक्त और पिता बनाएं सशक्त,
मॉ का सब करे वंदन पिता भी जीवन प्राण स्पंदन,
मॉ है जितनी पूजनीय पिता भी उतने ही वंदनीय ।

मॉ जीवन की परछाई तो पिता छुपी हुई गहराई,
मॉ त्याग की मूरत पिता जीवन कड़ी खुबसूरत,
मॉ खुशियों की डायरी पिता है गुनगुनाती शायरी,
मॉ जीवन की धूरी और पिता बिन जिंदगी अधूरी ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ईरान और इजरायल के तीव्र होते युद्ध से बढ़ते खतरे


ललित गर्ग

हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इजराइल इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर तीव्र से तीव्रत्तर हमले कर रहा है और ईरान भी जबावी हमलों में इजरायल में तबाही मचा रखी है। युद्ध भले ही इन दो देशों के बीच हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव समूची दुनिया पर हो रहा है। इस संघर्ष को रोकना आवश्यक है, भले ही अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिये बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से दुनिया में अनिश्चिंतता एवं अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। विशेषतः तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइलों से हमला कर रहे हैं, परमाणु युद्ध की आशंकाएं उग्र होती जा रही है। दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा कर दिया है। क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। पूर्ण युद्ध की स्थिति में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है। इससे होकर दुनिया की 20 प्रतिशत नेचुरल गैस और एक तिहाई तेल ट्रांसपोर्ट होता है। यह रूट बाधित हुआ तो कच्चे तेल में 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के अनुसार इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई से आने वाला कच्चा तेल, जो होर्मुज से होकर गुजरता है, भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का लगभग 45-50 प्रतिशत है। एक तथ्य यह भी है कि ईरान भी जानबूझकर तेल की कीमतों को आसमान छूने के लिए मजबूर करके ट्रम्प प्रशासन को अस्थिर करने की कोशिश कर सकता है और पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति बढ़ा सकता है। ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डॉनल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को परमाणु ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इजरायल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। इन हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भले ही ईरान के इन्फ्रास्ट्रक्चर



को खत्म कर दिया जाये, लेकिन ईरान के उस तकनीकी ज्ञान को कैसे खत्म किया जा सकता है, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है। ऐसे में विदेशी दबाव में हुआ बदलाव ईरान को और ज्यादा कट्टरता की ओर ही ले जायेगा। ऐसे में अमेरिका या इजराइल के हमलों से ईरान में आमूल-चूल परिवर्तन होना संभव प्रतीत नहीं होता। हकीकत में यह काम ईरानी जनता पर छोड़ना चाहिए, बदलाव की मांग वहां से उठनी चाहिए। ईरान के लोग भी अपनी हुकूमत के खिलाफ है, भीतर-ही-भीतर आक्रोश है, इसे आंदोलन का रूप देकर ईरान में सत्ता परिवर्तन का माहौल बनाना चाहिए। यही ईरान के लिये बेहतरी का रास्ता है, क्योंकि परमाणु हथियार बनाने की जिद्द में बहुत सारे संसाधनों को बर्बाद कर दिया है। इराक, लीबिया, सीरिया - कई उदाहरण हैं, जहां पश्चिमी ताकतों ने अपने हिसाब से बदलाव लाने के प्रयास किये, लेकिन इनमें से कहीं भी नतीजा मन-मुताबिक एवं सफल-सार्थक नहीं रहा। ये देश आज भी अस्थिर हैं। तेहरान को लेकर कोई भी दुस्साहस ईरान को भी इन्हीं मुल्कों की श्रेणी में ला सकता है। ऐसी स्थितियों में कैसे बदलाव की आशा की जा सकती है? अमेरिका हो या इजरायल, ईरान या दुनिया की अन्य महाशक्तियों उनकी तरफ से ऐसी कोई पहल होती हुई नहीं दिख रही है, जिससे लगे कि वे यह संघर्ष टालना चाहते हैं। इजराइल का कहना है कि वह ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल होने तक युद्ध नहीं रोकेगा, लेकिन क्या ऐसा संभव है? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का कहना है कि कोई भी बातचीत इजराइली हमले रुकने के बाद ही होगी। दोनों देशों की जिद्द एवं अकड से प्रतीत नहीं होता कि शांति एवं युद्ध विराम का रास्ता संभव है। ईरान निश्चित रूप से दोषी है, दुनिया में अशांति का बड़ा कारण भी है। क्योंकि उसने अपने परमाणु-शक्ति के अपने प्रयासों को इस हद तक आक्रामक रूप से छिपाया कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को भी कहना पड़ा कि ईरान अपने परमाणु अप्रसार दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। वैसे, इजराइल ने पिछले 15 वर्षों में कई बार ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर निशाना साधा है, लेकिन हर बार वह या तो अमेरिकी दबाव में या अपनी सैन्य क्षमताओं पर संदेह के कारण अंतिम समय पर पीछे हट गया था। सवाल यह भी है कि इस संघर्ष का इराक, लेबनान, सीरिया और यमन पर क्या असर होगा, क्योंकि वहां पर ईरान एक लंबे समय से अपना प्रभाव जमाए हुए है और सशस्त्र उग्रवादियों एवं आतंकवादियों को पोषित करता आया है। हिजबुल्ला की रीढ़ तोड़ने से इस परिदृश्य में बदलाव की शुरूआत पहले ही हो चुकी है और लेबनान-सीरिया में पहले ही इसका लाभ मिल चुका है, जहां नए, बहुलतावादी नेताओं ने सत्ता संभाली है।

ईरान के प्रभाव-क्षेत्र से इराक का पलायन भी वहां के लोगों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय रहा है। ईरान की जनता अपने शासकों के प्रति नाराज है। वह सत्ता परिवर्तन चाहती है, इसलिये इजराइल से युद्ध में जनता का समर्थन नगण्य है। इसका फायदा इजरायल को मिल रहा है, इसी कारण इजरायल ईरान के शीर्ष मिलिट्री अधिकरियों की सटीक लोकेशन खोजकर उन्हें मार गिराने में सफल हो पायी है।

इससे मालूम होता है कि कितने ईरानी अधिकारी इजराइल के लिए काम करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वे अपनी सरकार को नापसंद करते हैं। बावजूद इसके अगर इजराइल अपने प्रयास में विफल हो जाता है और तमाम चोटें खाने के बावजूद ईरान परमाणु हथियार बनाने में सक्षम हो जाता है तो इससे क्षेत्र पहले से कहीं अधिक अस्थिर हो जाएगा। तेल संकट भी बढ़ेगा और संभवतः ईरान अमेरिका-समर्थक अरब शासनों पर हमला करने के लिए प्रेरित हो सकता है।

तब अमेरिका के पास इस लड़ाई में कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ऐसी स्थितियां दुनिया के लिये अधिक घातक होगी, दुनिया में युद्ध के गहराते संकटों से मुक्ति का कोई तो रास्ता निकलना ही चाहिए।

# ईरान-इजरायल युद्ध, धमाकों से दहला तेलअबिब और तेहरान


संजीव ठाकुर

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी सीएनएन के अनुसार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन स्पष्ट रूप से अमेरिका और इसराइल को चेतावनी दे दी है कि यदि ईरान में रह रहे 350 रूसी नागरिकों को किसी भी बम या मिसाइल से नुकसान पहुंचेगा तो इसराइल और अमेरिका को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे रूस अपने नागरिकों को ईरान से वापस नहीं बुला रहा है। दूसरी तरफ चीन ने भी ईरान का खुलकर समर्थन देने की घोषणा कर दी है। इन परिस्थितियों में डोनाल्ड ट्रंप डर कर पीछे हट गए हैं और उन्होंने इसराइल के साथ ईरान पर हमला करने का निर्णय स्थगित कर दिया है उन्होंने इसराइल को समझाया है कि जरा रुकिए अमेरिका कुछ दिनों बाद ईरान पर हमला करने की योजना बनाएगा। अमेरिका की इस घोषणा के बाद इजरायल बड़ी मुसीबत में फसता नजर आ रहा है। इसराइल हमास युद्ध पिछले 1 वर्षों से ज्यादा समय से चल रहा है और उसे हमास हुती और लेबनान के हमले का सामना करना पड़ रहा है अब ईरान पूरी तरह से युद्ध करने की मानसिकता में आ गया है वह किसी भी तरह समझौते की बात नहीं करना चाहता यह अलग बात है कि ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के मध्य ईरान की विदेश मंत्री ने कहा है कि उनका देश फ्रांस जर्मनी ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ जिनेवा के परमाणु वार्ता में शामिल होगा न्यूज एजेंसी रायटर्स के अनुसार जर्मनी फ्रांस और ब्रिटेन की विदेश मंत्री पहले यूरोपीय संघ के सीनियर राज्य नई काजा कालास के साथ जेनेवा मैं जर्मनी के स्थाई मिशन में मुलाकात करेंगे और परमाणु संधि पर ईरान के संदर्भ में गंभीर विमर्श किया जाएगा। पर इसके अलावा ईरान ने इसराइल के प्रति अपने रुख को स्पष्ट करते हुए लगातार ताबड़तोड़ हमले इसराइल पर कर रहा है यह तो तय है कि ईरान इराक युद्ध वैश्विक परमाणु युद्ध का कारण हो सकते हैं पर इस विश्व युद्ध को रोका भी जा सकता है, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकियों को ठिकानों पर हमला करके पाकिस्तान के निवेदन तथा अनुनय विनय पर ऑपरेशन सिंदूर को स्थापित कर दिया है और उनकी किसी भी आतंकवादी घटना को एक्ट आफ वर्क मानकर पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। ठीक इसी तरह भारत के प्रधानमंत्री ने ऋ7 सम्मेलन में युद्ध में बातचीत से हल निकालने की पेशकश की है और यह बहुत ही सटीक तथा सामूहिक प्रयास से संभव हो सकता है।

अमेरिका और इजरायल की इस युती के मानसिक असंतुलनों की सनक ने इजरायल ईरान के युद्ध को जन्म दिया है। इस युद्ध का कोई तात्कालिक कारण नहीं है इस युद्ध के नेपथ्य में इसराइल और ईरान की दशकों की तैयारी रही है। इसराइल और अमेरिका ने ईरान को आतंकवाद का एक बड़ा केंद्र निरूपित किया है और इजरायल ने आरोप लगाया है कि ईरान पिछले दो दशकों से इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध करता आ रहा है उसने पर्दे के पीछे रहकर हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हुती आतंकवादियों को लगातार आर्थिक,सामरिक और रणनीतिक मदद करता आ रहा है और हिजबुल हमास और हूती आतंकवादी संगठनों नें लगातार इसराइल पर हमले करके हजारों इसराइलियों की हत्या भी की हैं। इसके साथ ही इसराइल के कई ठिकानों को नष्ट किया है। इसराइल और अमेरिका लगातार ईरान को परमाणु बम ना निर्मित करने और परमाणु संधि करने के लिए समय ब समय चेतावनी देते आ रहे हैं। इन सब में उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका राष्ट्रपति बनने के बाद इसराइल ज्यादा आक्रामक होकर गाजापट्टी तथा फिलिस्तीन पर आक्रामक हमले कर उसे समूल नष्ट करने की प्रक्रिया में जुट गया है। इसराइल और ईरान की लड़ाई की पृष्ठभूमि में ईरान द्वारा अपने पास परमाणु ईंधन संग्रहित करने उसे परमाणु बम बनाने की प्रक्रिया अपनाने, लगातार मिसाइल निर्माण करने और खतरनाक आतंकवादियों को संरक्षण समर्थन एवं आर्थिक मदद देने की रही है। जिसकी भयानक परिणीति यह रही कि तेरा जून 25 से इजरायल ने ईरान के परमाणु केंन्द्रों, लगभग 12 परमाणु वैज्ञानिकों और लगभग 6 ईरान के टॉप सैनिक कमांडरों की हत्या कर दी है। तेहरान में ताबड़तोड़ हमले कर तेहरान को आधा बर्बाद कर दिया है। इजरायल द्वारा उनके समस्त परमाणु वैज्ञानिकों की हमले से हत्या करने के बाद ईरान को अपने परमाणु प्रोग्राम में बहुत बड़ा झटका लगा है। इजरायल ने ईरान के तमाम परमाणु केन्द्रों, न्यूज नेटवर्क अस्पतालों पर हमले किए हैं। अब जवाब में ईरान भी अपने नेता अयातुल्लाह खेमनई के नेतृत्व में लगभग 200 मिसाइल से इसराइल के तेलअबिब शहर में आक्रमण कर तेल तथा गैस के भंडारों अस्पतालों एवं स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग को तबाह कर दिया है। इधर ताजा जानकारी के अनुसार इसराइल ने ईरान के हेवी वॉटर रिएक्टर पर हमला कर दिया और इसके परिणाम स्वरूप हेवी वॉटर रिएक्टर तबाह हो गया है यह हेवी वॉटर रिएक्टर न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसके जवाब में ईरान ने इजरायल के चार शहरों जिसमे तेल अबिब,बिशेबा,रमतगढ़ और होलोंन शहर में लगभग 30 से 35 टारगेटेड मिसाइल से हमला बोल दिया है इजरायल की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 176 लोग घायल हुए हैं जिसमें 6 लोग गंभीर बताई जाते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया है कि ईरान ने जानबूझकर उसके नागरिक ठिकानों, अस्पतालों और स्टॉक एक्सचेंज पर मिसाइल का निशाना बनाया है इजरायल ईरान युद्ध अब आठवें दिन में प्रवेश कर चुका है। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति ने कनाडा में ऋ7 सम्मेलन को अचानक छोड़कर अमेरिका वापस लौटने की रणनीति बनाकर इसराइल को युद्ध में समर्थन देने की बात कही है वैसे तो डोनाल्ड ट्रंप अपने राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल में अति अविश्वसनीय रहे हैं। उनकी अविश्वसनीयता का सबसे बड़ा उदाहरण उनके चुनाव में अरबों डॉलर खर्च करने वाले व्यापारी मित्र एलन मस्क को व्यापार में कोई भी लाभ न देकर अपना दुश्मन बना लिया है, दूसरी तरफ भारत के पहलगाम हमले में 27 भारतीयों की निर्मम हत्या करने वाले मास्टरमाइंड तथाकथित फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लंच पर आमंत्रित किया है। यह पहला मौका है जब पाकिस्तान के किसी फौजी प्रमुख को अमेरिका के राष्ट्रपति ने लंच या डिनर पर आमंत्रित किया है इसके पहले अयूब खान,जिया उल हक एवं परवेज मुशर्रफ आमंत्रित किये जा चुके हैं। राष्ट्र प्रमुख को डिनर या लंच पर आमंत्रित करना एक सामान्य प्रक्रिया हो सकती है पर एक फौजी प्रमुख जो राष्ट्र प्रमुख नहीं है और पहलगाम आतंकवाद की पृष्ठभूमि में मास्टरमाइंड को आमंत्रित करना एक तरह से आतंकवाद को समर्थन देना है। इसी दौरान भारत के प्रधानमंत्री को भी डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका आमंत्रित किया था पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी दृढ़ता के साथ अपने निर्धारित कार्यक्रम को छोड़कर अमेरिका जाने से साफ इनकार कर दिया है यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता भी है।

वैसे पाकिस्तान के फौजी प्रमुख असीम मुनीर रोटी और बोटी के चक्कर में ईरान के के साथ अमेरिका से हाथ मिलाकर बहुत बड़ा धोका किया है। समाचार एजेंसी के अनुसार असीम मुनीर ने पाकिस्तान के दो एयर बेस को अमेरिका को इस्तेमाल करने की पेशकश की है जो कि ईरान से बहुत कम दूरी पर स्थित है और अमेरिका के फाइटर प्लेन वहां से उड़कर ईरान पर आक्रमण करेंगे। यह तो बहुत ही स्पष्ट है कि पाकिस्तान आजादी के बाद से आतंकवादियों का केंद्र रहा है और धर्म के नाम पर पाकिस्तान की स्थापना ही की गई है तो उससे वफा की उम्मीद करना बेकार है किंतु अमेरिका जैसे बाहुबली देश के सर्वे सर्वा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापार टैरिफ को बढ़ाकर न सिर्फ पूरी दुनिया को धोखा दिया बल्कि भारत के साथ भी असीम मुनीर को लंच पर बुलाकर बड़ी धोखेबाजी की है।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर नागल।** योगाचार्य बोले योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला है। इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, सहारनपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र-छात्राएं, शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ, एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूआत योगाचार्य श्री परमजीत सिंह जी के मार्गदर्शन में हुई। उन्होंने कहा,योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, यह जीवन जीने की कला है।

यह मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करता है तथा व्यक्ति को मानसिक शांति, अनुशासन और आत्मबल प्रदान करता है।योगाचार्य ने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया और रोजमर्रा की जीवनशैली में योग के समावेश पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि नियमित योग से न केवल शरीर लचीला होता है बल्कि तनाव, चिंता और अनेक रोगों से बचाव भी संभव है।इसके पश्चात योगाचार्य श्री विनीत कुमार चौधरी जी ने सूर्य नमस्कार के सभी आसनों का विस्तार से अभ्यास कराया और बताया कि सूर्य नमस्कार सम्पूर्ण शरीर को ऊजार्वान बनाने का सर्वोत्तम माध्यम है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अमित चौधरी ,महानगर मंत्री, भाजपा तथा श्री अमित शर्मा ,कोटा मंडल अध्यक्ष, भाजपा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. अंजू वालिया ने योगाचार्यगण एवं अतिथियों को पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



# पंचायत चुनावों में बड़ी जीत दर्ज कर परचम लहराएगी भाजपाः हरीश

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार की दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नडडा से शिष्टाचार भेंट हुई। उन्होंने फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। साथ ही दोनों के बीच रामपुर के राजनीतिक हालातों और संगठन की मजबूती को लेकर बातचीत हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले सुझाव और संगठन कौशल के गुण रामपुर में भाजपा की सियासी जमीन को और मजबूती प्रदान करेंगे। आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत होगी गुरूवार को देर रात भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार दिल्ली पहुंच गए। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार हुई यह पहली मुलाकात करीब 10 मिनट तक चली। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपुर के बारे में पूरी जानकारी रखते हैं। यहां तक कि यह भी उन्हें पता होता है कि संगठन में कौन कब क्या कर रहा है। यह रामपुर के प्रति उनके स्नेह को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी कुछ दिनों में होने वाले संगठन विस्तार के संबंध में कुछ निर्देश दिए हैं। उनका अक्षरशः पालन किया जाएगा। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के सुझाव और संगठन के संबंध में मिले निर्देशों की बदौलत आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा परचम लहराएगी।

# स्वस्थ सुखी जीवन जीने की कला सिखाता है योग : राजेश सैनी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धनौरा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के निर्देशांनुसार धनौरा मंडल का कार्यक्रम गड़ी मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें मंडल में निवास करने वाले पदाधिकारी व कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि अमरोहा चेयरपर्सन शशि जैन रही। योग आचार्या सुशीला गुप्ता ने योग कराया। इस अवसर पर निवर्तमान चेयरमैन राजेश सैनी ने बताया कि यह 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है जो मान्य प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2015 से प्रारंभ किया था जो आज दुनिया में 191 देशो में मनाया जाता है भारतीय सभ्यता व संस्कृति को आज पूरी दुनिया अपना रही है। मुख्य अतिथि अमरोहा चेयरपर्सन शशि जैन ने बताया कि योग का जीवन में अत्यधिक महत्व है और निरंतर योग करने से मन एवं तन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं योग द्वारा अनेक लाइलाज बीमारियों का औषधीय के बिना उनका निदान किया जा सकता है। इस मौके पर विवेक अग्रवाल, गितेश अग्रवाल, सर्वेश शर्मा एडवोकेट तीनो पूर्वमंडल अध्यक्ष धनोरा, कार्यक्रम संयोजक ब्रिजेश अग्रवाल, कार्यक्रम सहसंयोजक कुसुम अग्रवाल, जगत सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, राजीव उपाध्याय, रामकिशोर सैनी, पूनम रानी, सीमा रानी, कमल गुप्ता आदि कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# योग शरीर को स्वस्थ और चिंता को दूर करता है ,डॉक्टर राजवीर सिंह

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** शनिवार को नगर व क्षेत्र के समस्त स्कूल-कालेजों में विश्व योग दिवस मनाया गया।शिक्षकों संग बच्चों ने उत्साहपूर्वक योगासनों का अभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संदेश ग्रहण किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट कन्या में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह और विद्यालय के समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं के साथ योग किया। बच्चों को योग के लाभों के बारे में बताया गया। डॉ. राजवीर सिंह ने कहा, योग से मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास होता है। करें योग, रहें निरोग। योग को रोजमर्रा की




जिंदगी में अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, जो तनाव और चिंता को दूर कर शरीर व मन को संतुलित करता है। नियमित योग से शारीरिक शक्ति और मानसिक शांति दोनों बढ़ती हैं। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रेनू शर्मा,विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नफासत अली, अजीजउल हसन, राजीव कुमार, सर्वेश कुमार, विवेक कुमार, प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी शर्मा, ऊषा रानी, मंजू रानी, रेशमा बी, कुमारी तबस्सुम आदि उपस्थित रहे।

# योग में ओम का उच्चारण करने पर कट्टर पंथियों की धमकियां और फतवे झेले हैं फरहाद अली खान

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने कहा कि हमने पहले योग दिवस से आजतक 21 जून को रमजान, कोरोना या बारिश सभी योग आरयोजन को अहमियत देते हुए परिवार सहित भाग लिया हैं।

योग में ओम का उच्चारण करने पर कट्टर पंथियों की धमकियां और फतवे झेले हैं जो मेरे लिए गर्व की बात हैं। उन्होने कहा कि योग आत्मा से परामात्मा का मिलन तो हैं ही साथ ही स्वस्थ जीवन जीने का आनन्द भी हैं। योग जिस्म ही नहीं रूह की बीमारियों को भी दूर करता हैं। योग मानवता, विश्व शांति और एकता प्रतीक भी हैं। योग को धर्मो के चश्मे से देखने वाले लोग समझे यह नजरिया योग की अहमियत को खत्म कर देता हैं। आये इस योग दिवस पर विश्व शांति के लिए



ईश्वर से विशेष प्रार्थना करें। देश की दूसरी सबसे बड़ी आबादी मुस्लिम समाज से अपील हैं कि वह 21 जून को खास बनाते हुए फजर की नमाज के बाद किसी भी सामुहिक योग आयोजन में जरूर हिस्सा लें। यही योग और राष्ट्र प्रेम का प्रतीक और प्रमाण हैं।

# परी गार्डन के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा नगर मंडल द्वारा हुकूमतपुर रोड स्थित परी गार्डन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने बताया कि योग स्वास्थ्य सुखी जीवन जीने की कला सिखाता है। निरंतर योग करने से मन एवं तन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं योग द्वारा अनेक लाइलाज बीमारियों का औषधीय के बिना उनका निदान किया जा सकता है। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री महावीर सिंह, डॉ एमपी सिंह, पुष्पेंद्र शेखावत, जुगनू चौधरी, वीर प्रकाश सिंह भुइयार, प्रणय मनु गुप्ता, चौधरी अजय वीर सिंह, सुधीर चौहान, प्रेमपाल सिंह रवि, मास्टर हितेंद्र चौहान, राजेश चौहान, राहुल यादव मुकुल गुप्ता, सरदार रविंदर सिंह, अशोक चौधरी, वरुण त्यागी, जागेश शर्मा, प्रमोहन सिंह, सोनू कुमार, कमलेश प्रजापति, डॉ शीला राणा, सरौता सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# भोले सिंह को योगवीर सम्मान से किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट रजिस्टर्ड द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय निवासी भोले सिंह को अंग वस्त्र पहनकर, प्रतीक चिन्ह एवं योग वीर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दे की भोले सिंह गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में निशुल्क योग प्रशिक्षण देते हैं। इसके अलावा भी उन्हें कई सामाजिक संस्थाएं योग अभ्यास के लिए आमंत्रित कर चुकी हैं, तथा उन्हें योग प्रशिक्षण के लिए सम्मानित भी कर चुकी हैं। भोले सिंह ने योग की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि हमें नियमित रूप से योगा करना चाहिए। योगा करने से शरीर स्वस्थ रहता है मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है। कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल एडवोकेट



ने कहा कि फिर भाग दौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने के लिए योग सबसे आसान तरीका है। इस मान सम्मान के लिए भोले सिंह ने संगठन के सभी पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया। सम्मान देने वालों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, अल्ताफ हुसैन, सौरभ कश्यप, तुषार अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल आदि रहे।

# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर बिजनौर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कॉलेज द्वारा आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न योग क्रियाएं कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के निदेशक नीलेंद्र बादल व कुलसचिव नरेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कॉलेज के कुलसचिव नरेश कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं को शक्तिशाली बनने, शरीर चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए नियमित योग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि निरंतर योग करने से मन एवं तन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं योग द्वारा अनेक लाइलाज बीमारियों का औषधीय के बिना उनका निदान किया जा सकता है योग प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। कॉलेज के निदेशक ने कहा कि योग से ऊर्जा मिलती है। एकाग्रता बढ़ती है। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग करने बाले सभी को योग के महत्व के बारे में बताया गया। इस मौके पर इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी नगर अध्यक्ष कुमंर सेन गौतम, समिति के सचिव राहुल बंसल, डॉ प्रेम प्रकाश, अजय कुमार कौशिक, एस बी गुप्ता, दीपक सरोहा एवं अमीता रघुवंशी तथा पिंकी पश्चिमी सहित भारी संख्या में स्कूल के छात्र और छात्राओं द्वारा योग अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौतम सैन, डॉ प्रेम प्रकाश, राहुल बंसल आदि का सहयोग रहा।

# मोटा महादेव मंदिर प्रांगण में योगाभ्यास एवं पौधारोपण किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नजीबाबाद भाजपा कार्यकताओं ने स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर परिसर , आदर्श नगर में शिवाजी शाखा पर स्वयं सेवकों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोटा महादेव मंदिर प्रांगण में योगाभ्यास एवं पौधारोपण किया अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य विधान परिषद विधायक सुबोध पाराशर ने ने योग कर रहे भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विश्व के प्रसिद्ध नेता एवं देश के लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है हम सब को भी अपने जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाना चाहिए। इस



अवसर पर एडवोकेट महेश मलिक, नरेश कुमार, नरेंद्र सिंह शूरवीर सिंह, पूर्व जेलर के पी सिंह, संतोष बाला आर्या, जयप्रकाश शर्मा पुष्पेंद्र सिंह नवनीत कुमार, डा रितेश सैन, शिवाजी सैन,तथा मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला, मंडल महामंत्री कपिल राजपूत, सचिन देशवाल, गोपीचंद, डॉ मयंक चौहान, राजकुमार प्रजापति, जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, नरपाल सिंह, हर्ष पाराशर, रणवीर सिंह निराला, अनुज काकरान, महबूब मलिक, अजीम अहमद, जगदीश सिंह, हेमराज सिंह, योगेश राजपूत आदि रहे।

# ग्राम स्वाहेड़ी खुर्द स्थित लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र में अस्थाई केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर-** माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री जयंत चौधरी द्वारा निर्धारित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम मधुसुदनपुर देवीदास में भूमि पूजन एवं हवन कर केंद्रीय विद्यालय की आधारशिला रखी गई, उसके बाद उनके द्वारा ग्राम स्वाहेड़ी खुर्द स्थित लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र में अस्थाई केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद बिजनौर चंदन




चौहान, माननीय विधायक बिजनौर श्रीमती सूचि चौधरी, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह,अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह, जॉइंट कमिश्नर केंद्रीय विद्यालय संगठन दीपेश गहलोत, सहायक कमिश्नर केंद्रीय विद्यालय संगठन आगरा तथा श्रीमती रानी रंगीली सहायक कमिश्नर केंद्रीय विद्यालय आगरा, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद विजय शंकर पाण्डेय, उप जिला मजिस्ट्रेट हर्ष चावला, तहसीलदार सदर अमरपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार शिक्षा एवं विकास के प्रति अत्यंत गंभीर एवं प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में शासन द्वारा अनुमोदित केंद्रीय विद्यालय की श्रृंखला में सबसे पहले केंद्रीय विद्यालय की आधारशिला बिजनौर में रखी जा रही है।

# तहसील समाधान दिवस मे जनसमस्याओं पर डीएम, एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ में जिलाधिकारी डा0 राजागपति आर0 की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से सम्बन्धित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस शोहरतगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जायें। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि सम्पत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना लें। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 95 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिसमें राजस्व-72, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-07, विकास-09, लोक निर्माण विभाग-01, पूर्ति-02, कृषि-01 तथा अन्य-03 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 10 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया।



# बहुजन समाज पार्टी ने धर्मराज गौतम को बनाया जिला संयोजक, कार्यकताओं ने दी बधाई



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी ने धर्मराज गौतम को जनपद सिद्धार्थनगर का जिला संयोजक बीवीएफ बनायें पर कार्यकताओं में जोश भर गया। वहीं पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि धर्मराज गौतम के जिला इंचार्ज बनने से पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन कु0 मायावती जी के निर्देश पर मुख्य सेक्टर प्रभारी बस्ती मण्डल पूर्व विधान परिषद सदस्य डा0 विजय प्रताप व मुख्य सेक्टर प्रभारी बस्ती मंडल धर्मदेव प्रियदर्शी ने उक्त जानकारी दिया है। जानकारी मिलने पर कार्यकताओं ने धर्मराज को बधाई दी। इस अवसर पर धर्मराज गौतम ने कहा कि बहन जी ने जो सम्मान व जिम्मेदारी दिया है, इसको तन-मन धन से निर्वाह कर ने का प्रयास किया जायेगा। जनपद के पांचों विधानसभा में संघटन मजबूती से काम करें। आने वाले दिन में बसपा की सरकार बनना तय है। इस दौरान बधाई देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार आर्य, पूर्व जिला प्रभारी सत्येन्द्र कुमार गौतम, विनोद कुमार राव, मोहम्मद कैफ, घनस्याम गौतम, इन्द्रजीत गौतम, शुभकरन चौधरी सहित जनपद के कार्यकताओं ने बधाई दी।

# नपा बांसी के सड़क व नाली में लगा गन्दगी का अम्बार, सफाई के अभाव मे बजबजाती गन्दगी

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका बांसी के मोहल्ले में सड़क व नाली में गन्दगी का अम्बार लगा है, जबकि जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 के निर्देश का पालन जिम्मेदार नहीं कर रहे हैं, जबकि हर समय जिम्मेदारों के साथ बैठक होती है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आपको बता दें कि बांसी नगर पालिका के आजाद नगर मोहल्ले के पावर हाउस के बगल की सड़क व नाली में गन्दगी का अम्बार लगा है और नाली में गन्दगी भरने की वजह से जलजमाव हो रहा है। सूत्रों द्वारा दर्जनों से अधिक सफाई कर्मचारियों की तैनाती के बाद भी गन्दगी का अम्बार है। नगरवासियों को आने-जाने में दिक्कत के साथ बीमारी फैलने की आशंका हो रही है।



वहीं विकास के नाम पर जिम्मेदार नगरवासियों का झूठा आश्वाशन दें रहें हैं। दस वर्षों से नहीं हुआ कोई विकास कार्य नहीं हुआ है, जबकि करोड़ों रुपया विकास के नाम पर खर्च होता, फिर भी मोहल्ले वालों को दिक्कत हो रही है। वहीं नगरवासियों को नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राइनी से नाली की मरम्मत की उम्मीद है।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में हाल ही में घटित भयावह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में 242 अमूल्य जानें असमय ही काल के गाल में समा गईं। इस हृदय विदारक त्रासदी पर गहरा शोक प्रकट करते हुए, कल्याणी लोक सेवा समिति द्वारा सुभाष चौराहा, सिविल लाइंस में एक मौन श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का भावपूर्ण आयोजन किया गया हैं. यह श्रद्धा-संवेदना मार्च समिति की संस्थापक/अध्यक्ष रुपाली अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सैकड़ों लोगों ने मौन रहकर दीप प्रज्वलित किए और दिवंगत आत्माओं के प्रति




भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शोकसभा में उपस्थित जनसमूह की आँखों में अश्रु और हृदयों में व्यथा स्पष्ट झलक रही थी। अध्यक्ष रुपाली अवस्थी ने कहा, ₹यह केवल दीप नहीं, हमारी संवेदनाओं की लौ है, जो इस दुखद घड़ी में हर पीड़ित हृदय के साथ जल रही है। यह कैंडल मार्च नहीं, एक सामूहिक करुणा की अभिव्यक्ति है।₹ कोषाध्यक्ष सचिन निषाद ने कहा कि समिति भविष्य में भी सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदना से जुड़ी पहल में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी। इस अवसर पर प्रयागराज के प्रसिद्ध मूंछ नृत्य कलाकार राजेंद्र कुमार तिवारी 'दुकान जी', हरिशंकर निषाद, प्रेमा श्रीवास्तव, वैष्णवी अवस्थी, निधि यादव, जयदीप भट्टाचार्य, बृजेंद्र मुन्ना, बृजेंद्र त्रिपाठी, शरद श्रीवास्तव, मीरा सिन्हा, अतुल खन्ना 'क्रांतिकारी', आशीष त्रिवेदी, गिरी जोशी, नितिन सचदेवा, दीपमाला केसरवानी, अभिषेक निषाद सहित अनेकों गणमान्य लोग मौन श्रद्धा अर्पित करने उपस्थित रहे।

# वैगन वर्कशॉप झांसी में हर्षोल्लास से मना 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** भारतीय रेल के लिए सर्वाधिक वैगनों का उत्पादन करने वाली प्रतिष्ठित वैगन वर्कशॉप झांसी में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक अजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब एक वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन बन चुका है, जो विभिन्न देशों में लाखों लोगों को एकजुट कर रहा है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'जुड़ना' या 'एक होना' – यह शरीर और चेतना के समन्वय का प्रतीक है। यदि मन और दिल प्रसन्न हों, तो स्वाभाविक रूप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के दौरान हॉल में बड़ी स्क्रीन के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का योग दिवस पर दिया गया संबोधन सभी ने लाइव देखा और सुना, जिससे उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ यह भव्य आयोजन वैगन वर्कशॉप के एस.टी.सी. (स्टाफ ट्रेनिंग सेंटर) में संपन्न हुआ, जिसमें वर्कशॉप के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रिंसिपल एस.टी.सी. झांसी ए.के. वर्मा, डिप्टी चीफ इंजीनियर बी.के. वर्मा, उत्पादन इंजीनियर समर्थ अग्रवाल, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी श्री जी.पी. मिश्रा, साथ ही बड़ी संख्या में वरिष्ठ पर्यवेक्षकगण एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

# आगरा में आज यानी योग दिवस पर फ्री में ताजमहल, आगरा किला में प्रवेश मिलेगा, योग कर सकेंगे

**वेलकम इंडिया**

**आगरा:**-21 जून यानी शनिवार को 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। योग दिवस पर एएसआई ने आगरा के ताजमहल, अगारा किला सहित देश भर के सभी स्मारकों में फ्री प्रवेश का आदेश जारी किया है। ताजमहल में प्रवेश के लिए टिकट नहीं लगेगी लेकिन मुख्य गुंबद पर जाना चाहते हैं तो 200 रुपये की टिकट लेनी होगी। स्टेडियम में पांच हजार लोग करेंगे योगा,योग दिवस के अवसर पर एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, सुबह छह बजे पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह योग दिवस का शुभारंभ करेंगे। स्टेडियम में पांच हजार से अधिक लोग एक साथ योग करेंगे। विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार का बनेगा रिकार्ड विश्वविद्यालय के




पालीवाल परिसर, खंदारी और छलेसर परिसर में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही कालेजों में भी कार्यक्रम होंगे, सुबह छह बजे कार्यक्रम शुरू हो जाएगा और आठ बजे एक साथ सूर्य नमस्कार किया जाएगा इसके वीडियो और फोटो आनलाइन अपलोड किए जाएंगे। पार्क से लेकर कॉलोनियों में योग इसके साथ ही पार्क और कॉलोनियों में भी योग किया जाएगा, सुबह छह बजे से शहर में जगह जगह योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# गहोई गौरव और प्रयास सभी के लिए संस्था ने संयुक्त रूप से लगाया योग शिविर

**वेलकम इंडिया**

**झांसी** प्रभु दयाल पहारिया इंटर कॉलेज बड़ा गांव गेट में योग दिवस के अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा के नेत्रत्व एवं सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में एक योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग प्रशिक्षक इंजी केडी गुप्ता ने सभी सदस्यों को विभिन्न योग की क्रियाएं बताई साथ ही स्वस्थ जीवन के टिप्स भी दिये मनमोहन गेडा ने कहा कि प्रथम सुख निरोगी काया है और यदि शरीर स्वस्थ रहे तो जीवन बड़ा ही सुंदर और सुख चैन से व्यतीत होता है कार्यक्रम संयोजक नन्द किशोर गुप्ता एवं संजीव पहारिया ने पोष्टिक स्वल्पाहार सभी सदस्यों को वितरित किया योग शिविर में राजीव नगरिया, रवींद्र रूसिया, अमित सेठ सर जी, सोहन नगरिया, राम कुमार गुप्ता, जितेंद्र बिलैया, अभिषेक डेंगरे, आकाश नीखरा, अमर नगरिया, गोविंद बरसैंया



गब्बु, दीपक मलैया, सत्यव्रत सरावगी, संतोष गुप्ता पिंटू, जुगल किशोर सेठ, कमलेश सेठ रज्जु, इंजी सतीश सेठ, विवेक गैडा, राम गुप्ता, राम बाबू शर्मा, ओम प्रकाश सेठ मुन्ना भैया, दिनेश वर्मा, अशोक अग्रवाल, राम कुमार अग्रवाल, सुभाष पुरवार, बी पी नायक, महेश चंद्र मिश्रा, आकांक्षा मलैया, वंदना पहारिया, नीता गुप्ता, सीमा बरसैंया, प्रियंका सरावगी, रुचि मर, सोनिया डेंगरे, प्रीति सेठ ऋतु पुरवार, आदि उपस्थित रहे योग शिविर का संचालन मनोज त्रिवेदी ने एवं आभार महामंत्री गोपाल मर ने व्यक्त किया।

# विश्व योग दिवसः स्वस्थ रहने के लिए योग सर्वश्रेष्ठ-जेल अधीक्षक

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जिला कारागार में शनिवार को 11 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह, अनुशासन और आध्यात्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का माध्यम बना, बल्कि मानसिक शांति, आत्मनियन्त्रण एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम प्रयास भी रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 6 बजे किया गया, जिसमें पूर्णकालिक सचिव शैलेंद्र नाथ, वकील सीनियर जूनियर डिवीजन कोर्ट, जेल अधीक्षक सचिन वर्मा, कारापाल राम सिंह यादव, उप कारापाल मुकेश प्रकाश और अजीत चन्द, प्रभारी अभिषेक कुमार पाण्डेय, शिक्षक उत्सव तिवारी तथा अन्य जेलकर्मी एवं सैकड़ों बन्दियों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक घनश्याम ओझा द्वारा प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, श्वास नियन्त्रण और ध्यान जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

# कलेक्ट्रेट स्थित स्पोर्टस स्टेडियम हाथरस में दिखा योग का विहंगम दृश्य

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र**

**हाथरस।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद अनूप प्रधान व विधायक सदर अंजुला सिंह माहौर व जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित स्पोर्टस स्टेडियम हाथरस पर अधिकारी-कर्मचारीगण एवं आमजन के साथ योगाभ्यास किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दीप प्रज्जवलित कर भगवान धनवन्तरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस मौके पर मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नोडल



अधिकारी सहित उपस्थित अधिकारियों का स्वागत बुके भेंट कर किया गया। योग दिवस के अवसर पर योग गुरू द्वारा योग करने से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए मैदान में उपस्थित सभी लोगों को योग कराया गया। प्रतिवर्ष 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। हर वर्ष यह दिवस अलग-अलग थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम हृहृएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इस दौरान उपस्थित लोगों को इसके महत्व को समझाते हुए बताया गया कि रोजाना योग करने से जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यह तनाव और चिंता को दूर करने में मदद करता है, साथ ही यह कई तरह की बीमारियों से निजात दिलाने में भी फायदेमंद होता है। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत ही जरूरी है इसलिए हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग हमारी प्राचीन परंपरा की देन है जो अनंतकाल से चली आ रही है। अतः हमें योग को अपने जीवन मे अपनाना चाहिए। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु हमें प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग अवश्यक करना चाहिए।

# अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर तीन तलाक देने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक विवाहिता ने अपने पति पर दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर तीन तलाक देने व ससुर सहित ससुरालयों पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी विवाहिता महिला फुरकाना पुत्री समयदीन ने बताया कि उसकी शादी 2 वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी वसीम पुत्र निसार के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद तो ठीक रहा मगर उसके बाद से पीड़िता का पति व ससुर अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपए की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे।

# सम्राट मिहिर भोज के बोर्ड पर जाति सूचक शब्द लिखने का मामला गरमाया

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** क्षत्रिय समाज ने परतापुर के पास एक बोर्ड पर सम्राट मिहिर भोज के नाम से पहले जाति सूचक शब्द के इस्तेमाल पर रोष व्यक्त किया है।

इस सम्बन्ध में 9 जून को जिलाधिकारी मेरठ के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार को ज्ञापन भेजा था एक महीने का समय इन सभी बिन्दुओं पर कार्रवाई व बोर्ड से जाति सूचक शब्द हटाने की मांग की गई थी। क्षत्रिय समाज ने चेतावनी दी है कि बोर्ड से जाति सूचक शब्द नहीं हटाया गया तो 5जुलाई को क्षत्रिय समाज बड़ी संख्या में पहुंचकर खुद बोर्ड से शब्द हटाने का काम करेगा। शनिवार को यह जानकारी कंकर खेड़ा बाईपास स्थित एक होटल में क्षत्रिय




समाज के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता मे दी। ठाकुर राहुल मल्हैडा ने इसके लिए एक राज्य मंत्री को दोषी ठहराया आगे कहा राजनैतिक लाभ के लिए जातिवाद का जहर घोला जा रहा है उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी मिहिर भोज को लेकर विवाद ने बड़ा रुप लिया है उसके लिए एक राज्य मंत्री दोषी है यह भी कहा की सम्राट मिहिर भोज के वंशज राजकुमार अरुणोदय सिंह के द्वारा अपने पुर्वज की जाति को लेकर ग्वालियर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में केस लड़ना पड़ रहा है तथा जाति को लेकर एक केस चंडीगढ़ हाईकोर्ट में भी चल रहा है उन्होंने बताया दोनों ही कोर्ट के आदेश है कि जब तक निर्णय नहीं आ जाता कोई भी व्यक्ति अगर मिहिर भोज की प्रतिमा या बोर्ड लगाने का कार्य करता है तो वह केवल सम्राट मिहिर भोज नाम का ही प्रयोग करें।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एमआईटी में हुआ भव्य योगाभ्यास, छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार योग

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत योगाचार्य डॉ. संजय माथुर के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासनों के अभ्यास से हुई। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित प्राणायाम और ध्यान के महत्व की जानकारी देते हुए अभ्यास करवाया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आह्वान पर छात्रों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार योग किया। रिकॉर्ड स्थापित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने संस्थानों में सूर्य नमस्कार अनिवार्य रूप से कराएं। इसी क्रम में एमआईटी के छात्रों ने एकजुट होकर योग की शक्ति का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, प्राचार्य फामेर्सी डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडमिक डॉ. गौरव शर्मा, अजय चौधरी,नवनीत,प्रवेश सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संस्थान प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को भी उजागर किया।



# आर्य समाज मन्दिर प्रांगण प्रेमनगर नगरा में हुआ योग शिविर



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्य समाज मंदिर प्रांगण प्रेमनगर नगरा में महिला पतंजलि योग समिति आर्य समाज (नगरा) निशुल्क योग शिविर का आयोजन कक्षा प्रभारी प्रेमनगर आरती श्रीवास्तव द्वारा किया गया। योग शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी श्रीमती हंसलता सिंह, योग गुरु श्रीमान मनमोहन कटारे विशिष्ट अतिथि आर्य समाज मंदिर की संरक्षक शकुंतला यादव कोषाध्यक्ष श्रीमान राकेश नामदेव हिन्दू जागृति मंच राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष विनीता शुक्ला जी,जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना बाजपेई मती राम देवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रचिलत करके एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा भारत माता की फोटो पर माल्यार्पण करके किया गया। मुख्य अतिथि हंसलता तथा मन्मोहन कटारे गुरुजी द्वारा योग कराया गया।

# नित्याशाला में योग दिवस का जश्न मनाया गया है.



**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज में नित्याशाला में योग दिवस का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर, शिक्षक मयंक यादव ने छात्रों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम की विधियों का प्रदर्शन किया। नित्याशाला की निदेशक नेहा ने कहा कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों को नियमित योग अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

छात्रों ने उत्साहपूर्वक योग सत्र में भाग लिया और नए आसनों को सीखने का आनंद लिया। नित्याशाला में योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जयंत सिंह की प्रेरणा से संचालित कौशल रथ यात्रा का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** शनिवार को गांव डांगरौल , कनियान व भनेड़ा में केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की प्रेरणा से संचालित ह्वकौशल रथह्व कौशल विकास मंत्रालय की ओर से छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिग के लिए भेजी गई । कम्प्यूटर लैब से सुसज्जित बस का रालोद शामली के सदर विधायक प्रसन्न चौधरी , अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी, रालोद के क्षेत्रीय महासचिव डा. विक्रांत जावला , जिला महासचिव मुकेश भभीसा , रालोद के किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुधीर प्रधान , रालोद के विधानसभा अध्यक्ष योगेश भभीसा, राजन जावला व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया । विधायक प्रसन्न चौधरी ने डांगरौल में

ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कौशल रथ के माध्यम से कंप्यूटर की स्किल सीखकर अपने भविष्य को संवारना है। क्षेत्रीय महासचिव डॉ विक्रांत जावला ने कहा की यह कौशल रथ नही सपनों का रथ है । युवाओं को नई स्किल सीख कर अपने सपनों को एक ऊंची उड़ान देनी है । उन्होंने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी जी का भी इस प्रयास को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया। तीनों गांव के 63 बच्चों की आज इस कौशल रथ में दो-दो घंटे की कंप्यूटर ट्रेनिंग शुरू हो गई । तीनों गांव के छात्र-छात्राओं में इस कार्यक्रम के प्रति बहुत उत्साह देखने को मिला ।इस दौरान बलवीर मास्टर , उपेन्द्र , दिनेश ,विक्की ,सुरेश, कनियान गांव में धर्मवीर जी, लोकेंद्र पोरिया, सचिन , शिवा हर्ष , रौनक,संजीव प्रधान , काला , अंकुर ,उदयवीर ,देवेन्द्र, बीरसपाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# इरफान मलिक बने भाकियू भानू के प्रदेश महासचिव युवा मोर्चा



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप जी के अनुमोदन पर प्रदेश संगठन मंत्री सतेन्द्र कुमार सिंह ने हाथरस जिले सादाबाद के नगला भूरा टिकैत गांव निवासी इरफान मलिक को प्रदेश महासचिव युवा मोर्चा नियुक्त किया। इरफान मलिक की नियुक्ति पर समर्थकों और वरिष्ठ किसान नेताओं ने बधाई दी। इरफान मलिक ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी है, वह उसे पूरी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा से निभाएंगे। किसानों की समस्याओं को हल कराने का पूरा प्रयास करेंगे। संगठन में सभी की सलाह से कामकाज होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कई स्थानों पर किया गया योगाभ्यास

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम जसाला में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र शामली के तत्वावधान में किया गया, जिसमें योग विशेषज्ञों द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराया गया ।कार्यक्रम में डॉ. संदीप चौधरी, योगाचार्य पीतम सिंह वर्मा , तथा योग चिकित्सक डॉ विजय कुमार ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर योग के महत्व पर प्रकाश डाला और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। वही नगर पालिका परिषद के प्रांगण में भी सार्वजनिक योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग दिवस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के साथ विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोग भारी संख्या में उपस्थित



रहे। कार्यक्रम में गांव के बच्चों, युवाओं, और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पूर्वी यमुना नहर के निरक्षण भवन पर आयोजित कार्य्रकम में योग दिवस विशेषज्ञों ने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता में भी सहायक होता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। इस दौरान अनिल मित्तल पूर्व वाणिज्य कर अधिकारी, मुन्ना शर्मा, सुरेंद्र शर्मा सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# रूद्रा एवेंट्स हमेसा समाज मे कुछ अच्छा करने के लिए सोचा-एकता सिंह

**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज संगम नगरी में रूद्रा एवेंट्स की फाउंडर एकता जी और डायरेक्टर अंबरीश सिंह जी द्वारा आयोजित किया गया हैं. मेकअप का फ्री सेमिनार रूद्रा एवेंट्स की 3 वर्ष गांठ पर ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे कुछ सीख सके और अपने कैरियर मे आगे बढ़े रूद्रा एवेंट्स हमेसा समाज मे कुछ अच्छा करने की सोचता है ताकि हमारे देश भारत की लड़किया कुछ सीखे और आगे बढे. इसमें 50 से ज्यादा बच्चियों ने हिस्सा लिया और सभी को रूद्रा एवेंट्स के तरफ से तोहफे बाटे गए हैं।




# दो जिलों को जोड़ने वाला पैदल पुल दे रहा दुर्घटना को न्यौता

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले की सीमा में सत्येश्वर के समीप सरयू नदी पर बना पैदल पुल खस्ताहाल हो गया है ।पैदल पुल में रोजाना सैकड़ो लोग आवागमन करते हैं ।वही पुल में कई दोपहिया वाहन चालक गणाई गंगोली तहसील के बनकोट,नागर, सिरसोली,भट्टीगांव सहित अन्य गांवों के लोग और बागेश्वर जिले के सीमावर्ती गांवों के लोग पैदल और कई युवा अपने दोपहिया वाहनों से बागेश्वर जिला मुख्यालय आते जाते है ।पुल से आते जाते समय बाइक स्कूटी सवार अपनी जान जोखिम में डालकर जैसे तैसे यात्रा करते हैं ।पुल की भार क्षमता के सापेक्ष पुल पर लोगों और दोपहिया वाहन सवारी करने वालो का भार पड़ता है ।बाइक चलने से पुल धरधराती है। जिससे पुल पर अत्यधिक दबाब भी पड़ने लगा है ।आलम ये है कि पुल दो जिलों को जोड़ने का प्रमुख साधनहै।

वही बनकोट क्षेत्र के अधिकांश गांवों की दूरी पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय के सापेक्ष बागेश्वर मुख्यालय की दूरी लगभग 15 से25 किमी की होने और पिथौरागढ़ जनपद मुख्यालय की दूरी लगभग 140 किमी होने के चलते इन क्षेत्रो का प्रमुख बाजार भी बागेश्वर ही है। पुल पर सुरक्षा हेतु लगाई गई लोहे की जालियां भी जंग लगने से कमजोर हो गई है।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न संस्थाओं में हुआ योग शिविर का आयोजन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मेरठ में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर का आयोजन हुआ जिनमें प्रमुख रूप से फायर स्टेशन परतापुर दिल्ली रोड स्थित संस्था डी एन पॉलिटेक्निक और कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया ह्न कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखा कर किया गया ह्न इसके पश्चात मानक योग प्रोटोकॉल का पालन किया गया जिसमें सभी के



द्वारा स्ट्रेच, श्वास, ओम जाप व हास्यासन किया गया इसके पश्चात विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के उद्देश्य से प्रातः 8 बजे आदरणीय प्रो.(डॉ). किरण प्रदीप , विशेष अतिथि भारतीय योग विज्ञान संस्थान से शिक्षिका संगीता वर्मा, श्रीमती उषा गुप्ता, मोहिनी जैन व रेखा माहेश्वरी एवं महाविद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षक वर्ग, कर्मचारी वर्ग व



छात्राओं द्वारा एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा का अभ्यास किया गया। योग मुद्रा को सफल बनाने में महाविद्यालय की छात्रा ईशा कटारिया एवंम कामना का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा सभी को योग के महत्व के बारे में बताया गया व सभी को एक स्वस्थ जीवन के लिए दैनिक योग के अभ्यास की सलाह भी दी ह्न



प्राचार्य ने कहा कि योग जीवन का आधार है ।मन और इंद्रिय नियंत्रण सिखाता है योग। परतापुर फायर स्टेशन पर भी अग्निशमन अधिकारी बृजमोहन सिंह ने अपनी टीम के साथ सुबह ही योग शिविर का आयोजन किया जिसमें टीम के सभी सदस्यों ने योगासन कर नित्य योग करने की शपथ ली इस अवसर पर फायर स्टेशन परतापुर के अग्निशमन अधिकारी बृजमोहन सिंह नितिन कुमार शैलेंद्र सिंह योगेंद्र पाल सिंह जोगेंद्र कुमार कमल शर्मा रवि कुमार देवेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह नितिन कुमार प्रवीन कुमार और लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहे दिल्ली रोड स्थित संस्था डी एन पॉलिटेक्निक में भी प्रधानाचार्य अर्चना गोयल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी एक योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में संस्था के अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर योगाभ्यास किया इस मौके पर संस्था के अध्यापक अरुण सैनी बृजेश हरित रमाकांत सुखदेव शर्मा तोहुर जैदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया योग

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। जनपद बागेश्वर में ऐतिहासिक सरयू-गोमती संगम घाट पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई सहित अन्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर योग सत्र में भागीदारी के साथ हुआ। उन्होंने आमजन से प्रतिदिन योग को हर दिन करे योग रहें निरोग की भावना को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।जिलाधिकारी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक उन्नयन और सकारात्मक ऊर्जा का भी स्रोत है। उन्होंने युवाओं, कर्मचारियों और बुजुर्गों से योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने की अपील की।इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार द्वारा भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सरयू तट पर किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का योग कार्यक्रम एवं संबोधन का सीधा प्रसारण उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम में रन फॉर योगा का भी आयोजन किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाएं कराई गईं, जिनमें सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की।कार्यक्रम में जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, पुलिस कर्मी, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ों स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। योगाभ्यास के अंत में सभी ने ह्लयोग करें, निरोग रहेंह्व का सामूहिक संकल्प लिया।इस अवसर परमुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, , पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आरसी. तिवारी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा, आयुष चिकित्सक एवं योग के नोडल अधिकारी डॉ. एजल पटेल,सीईओ गजेंद्र सौन, जिला सूचना अधिकारी क्षितिज वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर,तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट, पुलिस उपाधीक्षक अजय साह,वरिष्ठ नागरिक न्यास के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल, प्रमुख व्यवसायी और उद्योगपति नरेंद्र खेतवाल,भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार,बीजेपी मीडिया प्रभारी प्रकाश साह, रेड क्रॉस चेयरमैन इंद्र फर्स्वाण, जल्सनसंस्थान ईई सी एस देवड़ी, पूर्व चेयरमैन रेडक्रॉस सोसाइटी संजय साह जगातीवृक्ष मित्र किशन मलड़ा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मॉनिटरिंग एवं गेटोरिंग कमेटी के सदस्य नामित हुए कमलेंद्र

**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के तहत संचालित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत तहसील सदर में मॉनिटरिंग एवं गेटोरिंग कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी का उद्देश्य न्यायिक सेवाओं की निगरानी करना और आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। तहसीलदार सदर को कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल उत्तर प्रदेश की अनुशासन समिति के पूर्व सदस्य कमलेंद्र कुमार सिंह को कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। कमेटी न्याय तक आम जन की पहुंच को सरल बनाने, विधिक सहायता की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगी। सदस्य नियुक्त होने के बाद कमलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मेरी प्राथमिकता यह रहेगी कि कोई भी गरीब, वंचित या शोषित व्यक्ति न्याय से वंचित न रह जाए। जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जाएगा।

# रालोद नेता यदुवीर सिसोदिया ने थामा भाजपा का दामन

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** राष्ट्रीय लोकदल वरिष्ठ नेता चौमुहां ब्लॉक के गांव अगरयाला निवासी यदुवीर सिसौदिया ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण व प्रतिनिधि नरदेव चौधरी की उपस्थिति में भाजपा का दामन थामा। वह छात्र राजनीति से ही रालोद से जुड़े हुए थे। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण व प्रतिनिधि नरदेव चौधरी की उपस्थिति में चौमुहां मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल सिसौदिया ब्लॉक के गांव अगरयाला में कार्यक्रम के दौरान उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान यदुवीर सिसौदिया ने कैबिनेट मंत्री, प्रतिनिधि नरदेव चौधरी व मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल का फूलमाला व पटुका पहनाकर जोशीला स्वागत किया।इससे पूर्व यदुवीर सिसौदिया रालोद छात्र लोकदल के जिला अध्यक्ष, युवा लोकदल के जिलाध्यक्ष व जिला महासचिव, आगरा मंडल महासचिव, राष्ट्रीय सचिव युवा लोकदल, प्रदेश महासचिव युवा लोकदल के पद कर रह चुके हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर ग्रामीणों ने उनको बधाई दी। इससे पूर्व यदुवीर सिसौदिया जिला पंचायत का निर्दलीय चुनाव भी लड़ चुके हैं। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि भाजपा अपने प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान करती है। यदुवीर सिसोदिया ने बताया कि भाजपा की रीति व नीति, सुशासन से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। अब वह जनता की सेवा करेंगे। इस मौके पर चौमुहां चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, पातीराम सिसौदिया, जहान सिंह, सुजान सिंह, मूला प्रधान, तेजा, विक्रम सिंह, अजय, गिर्राज सिंह, टीकम, गोविंद सिंह, बलवीर सिंह, बिजेंद्र, केशव सिंह, डल्लो, मोहन सिंह आदि ने उन्हें बधाई दी। अध्यक्षता मास्टर रतन सिंह व संचालन रामवीर सिंह ने किया।

## योगाभ्यास के अवसर पर डायट में हुआ योग संगम



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ?एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य?ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संस्थान में आयोजित हुआ।योगाभ्यास की शुरूआत संस्थान के प्राचार्य राजेंद्र बाबू ने विद्या की देवी मां सरस्वती और योग के जन्मदाता महर्षि पतंजलि के सामने दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। योगाभ्यास के अवसर पर संस्थान में हुए योग संगम में प्रमाणित योग शिक्षक एवं वैलनेस,लाफिंग योगा एक्सपर्ट और क्वालिटी मैनेजर रिफाइनरी राजेश अग्रवाल ने योग संगम के दौरान योगाभ्यास के अंतर्गत शीर्ष आसान, वज्र आसन,मयूर आसन,मकर आसन,हल आसन,क्रिया और प्राणायाम आदि स्वयं करते हुए संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं को निःशुल्क कराया और सभी को संबोधित करते हुए मुद्रा विज्ञान, नेचरोपेथी और स्वर विज्ञान के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि हमको खेलते, खाना खाते और पूजा करते समय ध्यान देना चाहिए कि नाक का कौनसा स्वर चलना चाहिए।

# पुलिस लाईन मे11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मे पहुचे प्रभारी मन्त्री दया शंकर सिह

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम के साथ 11वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन पुलिस लाइन प्रतापगढ़ के परिसर में आयोजित किया गया जिसमें परिवहन मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग/नोडल अधिकारी मनीष चौहान, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, पत्रकार बन्धुओं, जनप्रतिनिधिगण, एनसीसी कैडेट व स्कूल के छात्र-छात्राओं व एलायंस क्लब इन्टरनेशनल के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुये और योग प्रशिक्षक द्वारा बताये गये योगा सम्बन्धी विभिन्न प्राणायाम को किया गया। ह्यह्यएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योगह्लह्ल की थीम पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगो ने न केवल योगाभ्यास किया बल्कि भारत की स्वास्थ्य की विरासत को जीवन में उतारने के लिये स्वयं और अपने परिवार के साथ योग का संकल्प लिया। अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ह्यह्यकरे योग, रहे निरोगह्लह्ल, ह्यह्ययोग को अपनाना है जीवन को स्वस्थ बनाना है के नारो के बीच उत्साहपूर्वक पुलिस लाईन में हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक द्वारा योगासन की विभिन्न आसनों यथा वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, ध्यान मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम, शलभ आसन, मकराआसन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शीतली प्राणायाम, उष्ट्रासन, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, ताड़ासन, भुजंगासन इत्यादि का योगाभ्यास कराया गया एवं योग के लाभों को बारें में बताया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि योग प्राचीन काल से ही हमारी जीवन शैली का अंग रहा है, निरोग रहना है तो योग को साथी बनाये। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाया गया। योग के माध्यम से शरीर स्वस्थ्य रहता है और ध्यान के माध्यम से परमात्मा से जुड़ने का प्रयास करते है।

## जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में यात्रियों से झपट्टामार करने वाले दो शातिर किस्म के अभियुक्तों को मोबाइल नगदी सहित किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़/रेलवे अनुभाग एसपी मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे। अभियान के तहत पुलिस उपाध्यक्ष रेलवे गाजियाबाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी गाजियाबाद के कुशल नेतृत्व में जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों में यात्रियों से झपट्टामार करने की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर किस्म के अभियुक्तों अर्जुन उर्फ टैंक पुत्र प्रवाती निवासी गली नंबर 9 जसरूप नगर,करण उर्फ टोटल पुत्र सोनू निवासी जसरूप नगर फील्ड थाना हापुड़ नगर,को रेलवे स्टेशन हापुड़ से गिरफ्तार कर इनके निशानदेही पर ट्रेन में झपट्टा मारकर छिना गया। मोबाइल वीवो कंपनी जिसकी अनुमानित कीमत ?20000 एवं ?100 की नगदी एक आधार कार्ड बरामद कर थाना हाजा पर दर्ज मु॰अ॰स॰295/25/धारा 304 (2)317(2) इठर का सफल अनावरण कर दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया गया पेश।

# जी एम नर्सिंग कॉलेज गोवर्धन में मनाया गया अन्तराष्ट्रीय योग दिवस

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** कुंजेरा रोड स्थित जी एम नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सचिव बी.बी शर्मा ने बताया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली वही सामुदायिक स्वाश्थ्य पर ड्यूटी कर रहे जी॰एन॰एम॰ बैच 2024-25 के छात्र छात्राओं ने बैठकर : पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध-मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन आदि आसन किये जिसमे सामुदायिक स्वास्थ की टीम भी सम्मिलित रही हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ अभिषेक चौधरी जी ने योग आसन के फायदे बताते हुए कहा की हमें योग आसन करने से क्या लाभ मिलते है जिसमे मांसपेशियां के लचीलेपन में सुधार,आंतरिक अंगों को मजबूत करता है, पाचन तंत्र मजबूत करता है,अस्थमा का इलाज करता है,मधुमेह का इलाज करता है, दिल संबंधी समस्याओं का इलाज करने में मददगार है, त्वचा को चमकाने में योगा मदद करता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डा॰ तेजेंद्र शर्मा, कन्हैया सैनी, कोमल गोस्वामी, चारुल शर्मा, विशाल सिंघल, राहुल सिनसिनवार, विकाश यादव, नेहा, बलराम, योगेन्द्र, रामकुमार,मनोज समाधिया, गुरुदेव, दीनदयाल आदि उपस्थित रहे ।

# जिला प्रशासन टीम ने देश विदेश से आए विदेशियों के साथ धूमधाम से मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़/जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम ने देश विदेश से आए विदेशियों के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया। आपको बता दें कि आज पूरे देश में 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में योग दिवस पर हापुड में दूसरे देश से आए विदेशियों से लेकर मंत्री,जिलाधिकारी, एसपी, नेता, विधायक, शिक्षकों छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर योग किया गया।और इसके लाभों के बारे में छात्रों को बताया गया।इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिया और विभिन्न योग आसन एवं प्राणायाम किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम आदमी से लेकर छात्रों को योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में बताया जाना था। वही इस कार्यक्रम के दौरान,छात्रों ने विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया। जैसे ताड़ासन,वृक्षासन, त्रिकोणासन,और सूर्य नमस्कार। इसके अलावा उन्होंने प्राणायाम भी किया।जैसे कि भ्रामरी प्राणायाम कपालभाति प्राणायाम। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा और उन्होंने योग के बारे में बहुत कुछ सीखा।

## हापुड़ नगर पुलिस ने पक्का बाग पर खड़ी कार से एक लाख सत्तर हजार की नगदी चोरी की घटना का सफल अनावरण कर नगदी सहित किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देशन में सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा के पर्यवेक्षण में हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने पक्का बाग पर खड़ी एक कार से चोरी करने वाले युवक को नगदी सहित गिरफ्तार कर चोरी की घटना का सफल अनावरण करने का दावा किया है। बता दे कि हापुड़ पक्का बाग पर एक खड़ी कार से 170000 रुपए एवं अन्य दस्तावेज चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने अपने अथक प्रयास के चलते कपिल पुत्र महेश निवासी नान थाना हाफिजपुर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर कार से चोरी की गई। शत प्रतिशत राशि, दस्तावेज, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद कर घटना का किया सफल अनावरण। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है: अहमद जमाल अंसारी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के हटवा में हैन्ड्रम नाईट टुनार्मेंट के फाइनल मैच में खान क्रिकेट क्लब ने रोमांचक मैच में जस्सी इलेवन पिपरा हंकार को हराकर खिताबी जीत हासिल की। थाना दुधारा क्षेत्र के हटवा में हैन्ड्रम नाईट टुनार्मेंट के फाइनल मैच खान क्रिकेट क्लब हटवा और जस्सी इलेवन पिपरा अहंकार के बीच खेला गया जिसमे खान क्रिकेट क्लब हटवा ने टास जीत कर पहले फिल्डिंग करने का फैसला किया और जस्सी इलेवन पिपरा अहंकार को 12 रन पर आल आउट कर दिया। खान क्रिकेट क्लब हटवा ने बैटिंग करते हुए पहले ही ओवर में मैच को जीत लिया। टुनार्मेंट का मैन आफ द सिरीज इमरान अहमद को दिया गया। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अहमद जमाल अंसारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर मो. इमरान, फिरोज अहमद, अहमद हुसेन, अकबर, मुश्ताक इमरान, रेहान, आलोक, हाफिज अनस, फहीम, शकील, आफताब आदि मौजूद रहे।

# सुधारत्न बनी पहली महिला सेवा गोल्ड

वेलकम इंडिया



**हरियाणा /हिसार (राजेश सलूजा)** देश सेवा में समर्पित प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्था अखिल भारतीय सेवा संघ की कार्यशाला का आयोजन सिरसा के रिद्धि सिद्धि होटल में किय्या गया । कार्यशाला के दौरान सुधारत्न जी को सेवा गोल्ड सम्मान से नवाजा गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इन्द्र गोयल ,संरक्षक डॉ योगेश बिदानी ,प्रांतीय अध्यक्ष राजिंदर सपडा , राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन एवं प्रांतीय महासचिव मुकेश वर्मा,राष्ट्रीय सचिव राजिंदर गर्ग ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर बेटी पढ़ाओ ,बेटी बचाओ की संयोजक सुधरत्न जी ने कहा कि मैंने अपने जीवन मे इस विषय को गहनता से धारण किया है तथा मेरी एक ही संतान है ,जो मेरी बेटी है और मुझे गर्व है कि आज वो एक प्रतिष्ठित डॉक्टर है ।मैं सभी से ये आह्वान करना चाहूंगी कि बेटे और बेटी में कोई फर्क न समझे ,बेटियां बड़े सौभाग्य से मिलती है और हमे उन पर गर्व होना चाहिए ।हमारी शाखा की अध्यक्ष सुरुचि भी मेरी बेटी की तरह है जो दिन रात संगठन को बढ़ाने में लगी रहती है ।इस अवसर पर बोलते हुए महिला शाखा अध्यक्ष सुरुचि असीजा ने कहा कि सुधरत्न जी वास्तव में ही सेवा गोल्ड है तथा समाज मे सेवा के कार्य बड़े बढ़ चढ़ कर करती है । इस असर पर महिला प्रमुख परमजीत कौर मांडिया ने सभी का धन्यवाद किया । महिला कोषड्यक्ष सुनैना नागपाल एवं नीतू गन्नेरिवाला ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया इस अवसर पर अन्य सदस्यों को भी सम्मानित किया गया ।

## परवेज अख्तर को कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने दी बधाई

वेलकम इंडिया

- परवेज अख्तर लगातार सोशल मीडिया पर और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे थे।

**संतकबीरनगर।** दुधारा निवासी मुहम्मद परवेज अख्तर को कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अहमद जमाल अंसारी ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परवेज अख्तर लगातार सोशल मीडिया पर और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे थे। इनकी नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। सोशल मीडिया पर पार्टी मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि जनपद के कांग्रेसजन परवेज अख्तर को सोशल मीडिया विभाग का जिलाध्यक्ष बनाये जाने से खुश हैं।

# एसआरएम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हरित योग के रूप में संपन्न

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली-एनसीआर परिसर में 21 जून को प्रातः 6:00 बजे मुख्य मैदान में हरित योग कार्यक्रम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। हरित योग का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य, सामंजस्य और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस आयोजन ने स्वस्थ जीवनशैली और हरित वातावरण के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। डॉ. नवीन अहलावत (डीन झ विज्ञान एवं मानविकी) ने हरित योग के माध्यम से समरसता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात सुश्री सोनिया पाल (सहायक प्रोफेसर झ योग) के निर्देशन में सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने इसे स्वास्थ्य, शांति एवं पर्यावरण चेतना से परिपूर्ण एक अद्वितीय अनुभव बताया। इस कार्यक्रम को एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन झ विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन झ आईक्यूएसी) तथा डॉ. गीता भवानी (डीन झ अनुसंधान) के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने इस वैश्विक स्वास्थ्य एवं शांति के उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है योग-डॉ एस सी अग्रवाल




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बहुत ही भव्यता से एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की भावना के साथ मनाया गया। भारतीय योग संस्थान मोदीनगर के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा एवं जिला मंत्री बी के गुप्ता के निर्देशन में छात्रों, एन सी सी कैडेट्स एवं गणमान्य व्यक्तियों ने योग की बारीकियों को सीखा तथा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चन्द अग्रवाल ने तथा संचालन योगाचार्य बी के गुप्ता एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने संयुक्त रूप से किया । कार्यक्रम के उपरांत कॉलेज प्रधानाचार्य ने सभी योग आचार्यों का विद्यालय के छात्रों को योग की महत्ता एवं लाभ की जानकारी देने के लिए लिए धन्यवाद दिया तथा उन्हें विद्यालय के शिक्षकों के साथ सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों, एन सी सी कैडेट्स, शिक्षकों, 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर से पी आइ स्टाफ, शहर के गणमान्य व्यक्तियों, योग साधकों सहित लगभग 400 लोगों ने योग कर सभी को योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में भारत विकास परिषद द्वारा फ्रूट और मीठे पानी की छबिल लगाई गई



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में कपास मंडी बरवाला में फल फ्रूट और मीठे पानी की छबील लगाई गई इस पुण्य कार्य के लिए एसडीएम बरवाला व हिसार के मेयर प्रवीण पोपली नगर पालिका के चेयरमैन रमेश बैटरी वाला द्वारा भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की पूरी टीम को मोमेंटो दे कर के सम्मानित किया और उन्होंने अपने मुख से कहा ह 'वर्ष की तरह प्रशासन को इन्होंने पूरा सहयोग किया इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी , पूर्व अध्यक्ष वीरभान मिढ़ा , शाखा सचिव आशा चुघ जी, कोषाध्यक्ष दिनेश डूडेजा , पूर्व कोषाध्यक्ष राजेंद्र मौर्य, पर्यावरण संयोजक मास्टर सुदर्शन खुराना, पूर्व प्रांतीय संयोजिका सुनीता मनचंदा, प्रेस सचिव ,ओमप्रकाश मनचंदा , हर्षा पठनेजा जी, श्याम चुघ, व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में योग कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी मोदीनगर में अन्तरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को योग के महत्व से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6:30बजे विद्यालय प्रांगण में प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजय कुमार ग्राम प्रधान सारा एवं विद्यालय के पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संतोष पांडे ने शिरकत की और योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अनुशासित ढंग से योग की विभिन्न क्रियाओं को अपनाया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी योग में भागीदारी कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# योग हमें स्वस्थ एवं दीघार्यु बनाता है: दिनेश कुमार गोयल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** दिनेश कुमार गोयल द्वारा 11 वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गाजियाबाद शहर मंडल के अन्तर्गत वाल्मीकि पार्क में योग कर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा 11 वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर गाजियाबाद शहर मंडल के अन्तर्गत वाल्मीकि पार्क नवयुग मार्किट में सहभागिता करते हुये योग कर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महिम गुप्ता एडवोकेट मडंल अध्यक्ष, राजू पांचाल, प्रदीप चौहान, संदीप त्यागी आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

# वैश्य कुटुम्ब ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग की महत्ता को बताया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** श्री वैश्य कुटुंब सेवा समिति (रजि.) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्ण संध्या पर महिला समिति के सदस्यों ने योग का बहुत सुंदर संदेशात्मक कार्यक्रम आयोजित किया ।कार्यक्रम की संयोजक नगर अध्यक्ष श्रीमती राधिका गुप्ता रही व आयोजन में प्रदेश चैयरमेन श्रीमति वर्षा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही ।कार्यक्रम संयोजक श्रीमति राधिका गुप्ता ने बताया की योग सदैव से भारतीय संस्कृति की पहचान रहा है । आयोजन के समापन पर योगाचार्य जी को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

# डीजीआर स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डीजीआर पब्लिक स्कूल, निवाड़ी में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीजीआर पब्लिक स्कूल एवं श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज, निवाड़ी की एनसीसी इकाइयों ने 35 यूपी बटालियन के कुशल मार्गदर्शन में संयुक्त रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सोनल चौधरी एवं प्रबंधक श्री गुलबीर सिंह ने की। दोनों ने एनसीसी कैडेट्स के साथ मिलकर विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया एवं योग के महत्व पर प्रकाश डाला। एनसीसी अधिकारी सुखविंदर तेवतिया के नेतृत्व में सभी कैडेट्स एवं उपस्थित गणमान्य जनों को योगाभ्यास करवाया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी गुड्डू गुप्ता, शिक्षकगण कपिल कुमार, सचिन चौधरी एवं खेल अध्यापक अतुल चौधरी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# विधायक डॉ मंजू शिवाच ने योग विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। सबसे पहले मोदी मंदिर परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर योग के महत्व एवं इसके दैनिक जीवन में लाभों पर प्रकाश डाला गया।इसके उपरांत सीकरी महामाया मंडल के भव्य पैलेस में आयोजित एक अन्य योग कार्यक्रम में माननीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने सहभागिता कर लोगों के साथ योगाभ्यास किया एवं सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि₹योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और शरीर के बीच संतुलन स्थापित करने की एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। हमें इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।₹ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से योग कर भारत की प्राचीन परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# आगरा के अधिकारियों के साथ मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने की गहन चर्चा,ये रहा मुद्दा

वेलकम इंडिया



**जनपद आगरा:-** उ0प्र0 सरकार के उच्च शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सर्किट हाउस में आगरा के जिलाधिकारी भानू चन्द्र गोस्वामी एवं आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष चर्चित गौंड के साथ आगरा के विकास, सौंदर्यीकरण, पर्यटन केन्द्रों के विकसित करने और आई.टी. सिटी बनाने पर चर्चा की गई। जिसमें आगरा विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पर्यटन विभाग जल निगम की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मीना बाजार की कोठी को शिवाजी महाराज के आगरा से जुड़े शौर्यपूर्ण इतिहास के अध्याय का स्मारक बनाने के लिए उसके अधिग्रहण करने का प्रस्ताव और उस हेतु प्रशासनिक कार्यवाही को गति प्रदान करने का सुझाव दिये। ताजनगरी स्थित जोनल पार्क को ह्यह्यगोविन्द-गीता वाटिका का नाम देकर इसको बृज संस्कृति का केन्द्र बनाते हुए कृष्ण कालीन वृक्ष और वनस्पतियों का रोपण, कृष्ण लीलाओं की मूर्ति और चित्रकारी से चित्रण और वर्णन, उसके एक हिस्से में कृष्ण लीलाओं का मंचन का प्रावधान कर उसे पर्यटन स्थल बनाने का सुझाव दिया। यमुना किनारा रोड पर जीवनी मण्डी चौराहे से लेकर ताजगंज विद्युत शवदाह गृह के भूखण्ड को नियोजित रूप से विकसित कर और सौंदर्यीकरण कर वहाँ से ताज और एत्माद्दौला का अवलोकन का प्रबन्धन करने का सुझाव दिया। जिससे पर्यटक प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ साथ वही से ऐतिहासिक स्मारकों का अवलोकन कर सकें। कैलाश मन्दिर के पास जहाँ गंगाजल आकर जल संस्थान को उपलब्ध कराया जाता है मन्दिर के निकट उस पर घाट बनाकर स्नान के पर्वों पर गंगा-यमुना संगम स्थल के रूप में विकसित कर स्नान आदि की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। आगरा में नक्षत्रशाला और आधुनिक विज्ञान पार्क हेतु लगभग 03 एकड़ भूखण्ड तलाशने हेतु भी निर्देशित किया जिससे योगी सरकार के द्वारा इस हेतु आवंटित 15 करोड़ रुपए का उपयोग कर शैक्षिक पर्यटन केन्द्र को विकसित किया जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हांसी पुलिस द्वारा योगाभ्यास – करो योग, रहो निरोग- पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन

वेलकम इंडिया



**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हांसी पुलिस द्वारा ऐतिहासिक पृथ्वीराज चौहान किला, हांसी में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। पुलिस अधिकारियों ने स्वयं योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कर उपस्थित पुलिसकर्मियों और नागरिकों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा: *₹योग न केवल हमारे व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह समाज में शांति, अनुशासन और सकारात्मकता का भी संचार करता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम रही – ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग₹, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच संतुलन को दशार्ती है। उन्होने ने कहा कि योग पुलिसकर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने में अत्यंत सहायक है। उन्होंने यह भी बताया कि: योग तनाव को कम करने, आत्म-नियंत्रण को बढ़ाने और सतर्कता बनाए रखने में कारगर भूमिका निभाता है। उन्होंने नियमित योगाभ्यास के निम्नलिखित लाभों को भी साझा किया: शक्ति, संतुलन और लचीलापन में वृद्धि पीठ दर्द एवं गठिया जैसी समस्याओं में राहत हृदय स्वास्थ्य में सुधार नींद की गुणवत्ता और मानसिक स्थिति में सुधार तनाव प्रबंधन में सहायता समुदाय से जुड़ाव एवं सहभागिता आत्म-देखभाल की भावना को बढ़ावा कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों से अपील की कि वे योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से संतुलित जीवन जीने की दिशा में पहल करें।

# भारत ने योग में दुनिया को दिखाई नई राह: डिप्टी सीएम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन एवं सिविल डिफेंस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आईएमएस डासना परिसर में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उन्होंने योग को स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और आत्मबल का अमूल्य साधन बताते हुए कहा कि भारत ने योग के माध्यम से न केवल स्वयं को, बल्कि पूरे विश्व को एक नई राह दिखाई है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश और समाज की सेवा तभी संभव है, जब हम स्वयं स्वस्थ हों। योग वह सरल और सहज साधन है, जो न केवल तन को स्वस्थ करता है, बल्कि मन को भी स्थिर और शांत बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों के कारण आज पूरी दुनिया योग को अपना रही है, और भारत फिर से विश्वगुरु की भूमिका में प्रतिष्ठित हो रहा है। कार्यक्रम में विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बड़े स्क्रीन पर दिखाया गया, जिसे सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों ने रुचिपूर्वक देखा। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य की उपस्थिति को कार्यक्रम की गरिमा और प्रेरणा का केंद्र बताया और योग के प्रति बढ़ती जनजागरूकता को ऐतिहासिक क्षण करार दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर योग गुरु डॉ. यश पाराशर ने हजारों की संख्या में उपस्थित आमजन, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया और दैनिक योग को जीवनशैली में शामिल करने का संदेश दिया। इस मौके पर स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, आईएमएस चेयरमैन राकेश रिछारिया, शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, एडीएम रणविजय सिंह, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, आयुर्वेदिक अधिकारी अशोक राणा, सिविल डिफेंस प्रमुख ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल सहित हजारों लोग। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम शर्मा ने कुशलता से किया।

# ब्रिज विहार में गूंजा योग का उद्घोष, सैकड़ों नागरिकों ने किया सहभाग



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को ब्रिज विहार वार्ड 68-ए ब्लॉक पार्क में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में एक भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वार्ड पार्षद विनय चौधरी ने किया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं योग प्रेमियों ने भारी संख्या में भाग लिया। योग दिवस के इस आयोजन में संतराम शास्त्री, सुधीर राय, संजय, डॉ. बलवीर कसाना, पिंकी तोमर और भारत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायामों के माध्यम से स्वास्थ्य और आत्मिक शांति की अनुभूति प्राप्त की। पार्षद विनय चौधरी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। आज जब पूरा विश्व योग की शक्ति को स्वीकार कर चुका है, ऐसे में हर नागरिक का दायित्व है कि वह इसे अपने जीवन में अपनाकर न केवल खुद को स्वस्थ रखे, बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा दे। उन्होंने कहा कि ब्रिज विहार जैसे शहरी क्षेत्रों में दिनचर्या की भागदौड़ और तनाव के बीच योग ही एक ऐसा साधन है जो संतुलन, शांति और आत्मबल प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने नियमित योग अभ्यास की शपथ ली और भारत विकास परिषद के प्रयासों की सराहना की। आयोजन स्थल पर अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण ने यह दर्शा दिया कि योग अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है, और इसमें सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी हो रही है।

# योग एक दिन नहीं, जीवन भर की साधना है, राष्ट्रीय व्यापार मंडल का संदेश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने राजनगर में एक प्रेरणास्पद योग सत्र का आयोजन कर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक त्यागी, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय, तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

योग सत्र के दौरान वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देशवासियों से अपील की कि योग को केवल 21 जून तक सीमित न रखें, बल्कि पूरे वर्ष 365 दिन नियमित रूप से योग को अपनाएं। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन की क्रिया नहीं, यह जीवन को निरोग, संतुलित और सकारात्मक बनाए रखने की शाश्वत पद्धति है। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती बीमारियों और मानसिक तनाव का समाधान योग में निहित है। यदि व्यक्ति प्रतिदिन योग को जीवन का हिस्सा बना ले, तो सैकड़ों बीमारियों से बचाव संभव है और वह स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवन जी सकता है। पंडित अशोक भारतीय ने आयोजन के माध्यम से राष्ट्रवासियों को संदेश दिया कि योग भारतीय संस्कृति की धरोहर है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोडे का एक शक्तिशाली माध्यम है। इसे अपनाकर ही हम स्वस्थ भारत, सशक्त भारत की संकल्पना को साकार कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल के सदस्यों की सहभागिता ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि अब योग एक आंदोलन नहीं, बल्कि जनजीवन का हिस्सा बनता जा रहा है।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने विश्व योग दिवस पर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शनिवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने दो महत्वपूर्ण स्थलों पर योग कार्यक्रम का आयोजन कर यह संदेश दिया कि योग केवल एक दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की आवश्यकता है। आयोजन मधुबन बापूधाम योजना के गोल चक्कर पार्क और प्राधिकरण कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में प्राधिकरण अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। प्राधिकरण परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने योग को अनुशासित जीवनशैली का माध्यम बताते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण दिनचर्या में इंसान स्वयं के शरीर और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो गया है। समय रहते इस पर ध्यान न देने से बीमारियां आमंत्रित हो जाती हैं। ऐसे में योग ही वह साधन है, जो तन और मन को संतुलन देता है। उन्होंने कहा कि योग को जीवन में अपनाने के लिए किसी विशेष दिवस का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि आज से, अभी से शुरूआत करनी चाहिए। योग के निरंतर अभ्यास से न केवल मानसिक शांति प्राप्त होती है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी सहायक होता है। इस अवसर पर योगाचार्यों द्वारा विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया गया, जिनमें ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम और ध्यान शामिल रहे। प्राधिकरण सचिव, वित्त नियंत्रक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में योग सत्र में सम्मिलित हुए और आयोजन को सफल बनाया। इस आयोजन के माध्यम से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने यह स्पष्ट कर दिया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि एक गहन सामाजिक और मानसिक जागरूकता का आंदोलन है, जिसे प्रत्येक नागरिक को अपनाना चाहिए।

# एचएलएम कॉलेज में गूंजा योग का मंत्र, विद्यार्थियों ने लिया नियमित योग का संकल्प




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को एचएलएम कॉलेज में आयोजित विशेष कार्यक्रम में योग, स्वास्थ्य और जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एस.पी. सिंह रहे। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबंध समिति के चेयरमैन सुनील मिगलानी, डायरेक्टर अग्रवाल, डायरेक्टर धीरज शर्मा, युवा क्रिकेटर नमन शर्मा, कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं योग शिक्षक विकास की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। योग शिक्षक विकास के मार्गदर्शन में सभी ने विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम व ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया और योग को जीवनशैली में शामिल करने के लिए उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और यह आज भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक बन चुका है। मुख्य अतिथि एस.पी. सिंह ने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का उपहार है, जो अब पूरी दुनिया के लिए जीवन जीने की पद्धति बन चुका है। योग न केवल हमें स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक सशक्तिकरण भी करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने नियमित रूप से योग करने और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। आयोजन की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि एचएलएम कॉलेज न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# वैशाली सेक्टर-1 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जय हिंद योगा ग्रुप का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को वैशाली सेक्टर-1 स्थित जय हिंद योगा ग्रुप द्वारा एक भव्य योग समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासियों, गणमान्य व्यक्तियों और योग साधकों ने भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल योग के महत्व को दोहराया, बल्कि सामूहिक ऊर्जा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया मुख्य अतिथि पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने, जिनकी उपस्थिति ने जनसमूह में नया उत्साह भर दिया। इसके साथ ही ब्रह्माकुमारी संस्थान की मुख्य प्रचारक, तथा क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक जैसे घनश्याम दास गुप्ता, सुभाष शर्मा, बी.के. शर्मा, अशोक वर्मा, वीरसेन मित्तल, राजकुमार गर्ग, संजय कटारिया, पंकज वर्मा, देवेंद्र गर्ग, सुनील कटिहार, अवधेश कटिहार, नरेंद्र वर्मा, गौरव अग्रवाल, एडवोकेट अनिल, डॉ. रितु वर्मा, रीति फाउंडेशन के डॉ. नरेंद्र सारस्वत सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित लोगों ने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों को समझा और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। जय हिंद योगा ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के लिए न केवल स्वास्थ्य का उत्सव बना, बल्कि सामाजिक एकजुटता और जागरूकता का एक सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# उत्तर रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संकेत एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र, उत्तर रेलवे, गाजियाबाद में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम के साथ पूरे उल्लास एवं उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित योग सत्र की अध्यक्षता श्री हरी प्रसाद, प्राचार्य (एसटीटीसी, उ.रे.) ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा, विश्वभर में योग का डंका बज रहा है, और हमें इसे अपने जीवन और परिवार में पूरी तरह आत्मसात करना चाहिए। योग सत्र का शुभारंभ केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने ओ3म्-ध्वनि एवं 'संगच्छध्वं' मंत्र से किया। उन्होंने विरेचन क्रिया, भस्त्रिका तथा हाथ-पैरों के सूक्ष्म व्यायाम कराते हुए बताया कि केवल मुस्कुराने से व्यक्ति तनावमुक्त, युवा एवं सुंदर बना रहता है। उन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग पद्धति को अपनाने पर बल दिया। योग गुरु नेतराम ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, मंडूकासन, उष्ट्रासन, शशांकासन का अभ्यास कराया। प्राणायाम के अंतर्गत कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली जैसे अभ्यास कराए और ध्यानयोग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान से ही जीवन में स्थिरता और कार्य में एकाग्रता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में उपस्थित चौधरी मंगल सिंह ने खानपान को जीवनशैली का महत्वपूर्ण पहलू बताते हुए पौष्टिक आहार की आवश्यकता पर बल दिया। विशेष आमंत्रित वक्ता डॉ. प्रमोद सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा, रेलवे प्रशिक्षण प्राप्त कर जब आप मैदान में उतरेंगे, तब आपकी एकाग्रता और मानसिक स्थिरता ही सफलता की कुंजी होगी, जिसे ध्यानयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है।

# योग, सेवा और संस्कृति का संगम बना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को एक प्रमुख सोसाइटी ने योग, सेवा, संस्कृति और सामूहिकता का ऐसा संगम प्रस्तुत किया जो न केवल प्रेरक रहा, बल्कि स्वस्थ जीवन और सामाजिक सौहार्द की मिसाल बन गया। सी और डी ब्लॉक पार्क में आयोजित इस भव्य योग समारोह में बड़ी संख्या में निवासियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल स्वयं उपस्थित हुए और योग की महत्ता पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। साथ ही उन्होंने जनहित में तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं सड़क निर्माण, ओपन जिम की स्थापना और हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में कार्यवाही की जानकारी जिससे उपस्थित जनसमूह में नया उत्साह भर गया। कार्यक्रम का संचालन योग गुरु सुनील गुप्ता द्वारा किया गया, जो पिछले चार वर्षों से निःस्वार्थ भाव से योगाभ्यास कराते आ रहे हैं और जिनके 32 वर्षों के अनुभव ने इस आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की।

प्रतिभागियों ने ताड़ासन, भुजंगासन, हलासन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और कई अन्य आसनों का अभ्यास किया।

# आईटीएस कॉलेज में गूंजा योग का मंत्र, डिप्टी सीएम ने की योग की महत्ता पर जोर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर आई.टी.एस. कॉलेज, मोहन नगर में शनिवार को एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल योग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह एक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रेरणा केंद्र भी बन गया। इस आयोजन में आई.टी.एस. ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, गाजियाबाद के सांसद, लोनी एवं गाजियाबाद क्षेत्र के विधायकगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, तथा कॉलेज निदेशक मंडल एवं उपप्राचार्या सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत की विश्व को दी गई एक ऐतिहासिक देन है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, यह भारतीय संस्कृति का प्राण है, जो हमें संयम, संतुलन और स्वाभिमान सिखाता है। उन्होंने आईटीएस संस्थान द्वारा योग एवं सामाजिक गतिविधियों के प्रति किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आईटीएस जैसे संस्थानों का समर्पण अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए प्रेरणास्रोत बनना चाहिए। वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग आज की जीवनशैली में जितना आवश्यक है, उतना ही इसे जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य भी है। इस आयोजन में कॉलेज परिसर के दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित योग सत्रों में 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने योग और ध्यान की विविध मुद्राओं का अभ्यास करते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई और स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मिक आनंद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. आर.पी. चड्ढा ने उप मुख्यमंत्री समेत सभी अतिथियों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थान सदैव देश और समाज के विकास हेतु प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन हमारे दायित्व का हिस्सा बने रहेंगे। डॉ. चड्ढा ने उप मुख्यमंत्री श्री केशव मौर्य और वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

